CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 24 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 253 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

### रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

**■ कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की**



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए । इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा , केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

# आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



**■ बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए**

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका, पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।






## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में हाथरस की महिला समेत 5 लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में कानपुर नेशनल हाईवे पर अकराबाद के गोपी पुल के पास एक कार और ट्रक में भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में कार में बैठी महिला समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रक का परिचालक बुरी तरह जल गया। ट्रक अलीगढ़ से एटा जा रहा था, जबकि कार एटा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर ट्रक में सामने से टकरा गई। हादसे के बाद नेशनल हाईवे जाम हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी देहात अमृत जैन ने विस्तृत जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह गोपी पुल पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

### उप्र लोकायुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी।

# आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसें 20 अक्टूबर से शुरू होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे
- 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा


**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक ने शाह टाइम्स को जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस काजी नुरुल्लाह शूस्तरी आगरा की याद में होंगी।

# अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का नक्शा खारिज

अयोध्या, वार्ता



- ढाई साल पहले मिली थी पांच एकड़ जमीन

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन छोड़ने के एवज में मुस्लिम पक्ष को धन्नीपुर में दी गई 5 एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने निरस्त कर दिया है। यह खुलासा आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में एडीए ने किया है। एडीए ने दावा किया है कि इस मस्जिद के निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट ने पहल की थी। ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए एडीए में आवेदन किया था, लेकिन ढाई साल बाद भी इससे संबंधित विभिन्न विभागों की एनओसी दाखिल नहीं कर सका है। इसकी वजह से ट्रस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अयोध्या में मस्जिद निर्माण का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

करीब साढ़े पांच सौ सालों से चले आ रहे संघर्ष के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला सुनाया था। इस फैसले के तहत विवादित जमीन हिंदुओं को देने और मुसलमानों को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया था। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिरके लिए भूमि पूजन किया और तय समय के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। अब इस मंदिर का काम अंतिम चरण में है। दूसरी ओर मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उसी समय मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। इसके बाद करीब ढाई साल पहले मुस्लिम पक्ष ने भी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट बनाकर मस्जिद बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए एडीए में ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी कर दिया, लेकिन इन ढाई सालों में यह ट्रस्ट वैध दस्तावेज नहीं जमा करा सका है। इसमें खासतौर पर विभिन्न विभागों की एनओसी मुख्य है। इसकी वजह से मस्जिद का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। वहीं अब एडीए ने ट्रस्ट द्वारा दाखिल नक्शे के आवेदन की फाइल ही खारिज कर दी है।

अयोध्या में नागेश निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण में सूचना के अधिकार के तहत इस मस्जिद के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में एडीए ने बताया कि विभिन्न विभागों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश न करने की वजह से मस्जिद का नक्शा खारिज किया गया है।

## अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

## आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

# उप्र के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूपी सीईओ ने जारी कर मांगा जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इन दलों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया मगर निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। नियमों के अनुसार प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि तीन अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।



सेंसेक्स 82102.10
निफ्टी 25169.50



सोना रु. 114179
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 134980
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट

## ऑटो-बैंकिंग शेयरों में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही, हालांकि ऑटो और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.87 अंक (0.07 प्रतिशत) की गिरावट में 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 81,776.53 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली से बाजार काफी हद तक उबरने में कामयाब रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली रही जबकि एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत गिर गया। टेक महिंद्रा में 2.07 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.94 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.90 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईटीसी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयर भी टूट गए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 2.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.94 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.83 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.81 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत, टाटा स्टील और एनटीपीसी दोनों का 1.11 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में कुल 3,136 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,714 के शेयर गिरावट में और 1,329 के बढ़त में रहे जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.13 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 फीसदी लुढ़क गया।

## सोना पहुंचा 114000 के पार, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने एक बार फिर से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 114179 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। सोना ही नहीं, चांदी भी रफ्तार के साथ भाग रही है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में चांदी भी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,34,980 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 1,03,810 रुपये और 24 कैरेटे सोने का भाव 1,13,230 रुपये रहा, जबकि मुंबई में1,13,080 रुपये, चेन्नई में 1,13,790, कोलकाता में 1,13,080 और लखनऊ में 1,13,230 रुपये रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और साल के अंत तक अतिरिक्त रियायतों की संभावनाओं ने सोने के प्रति धारणा को मजबूत किया है, जबकि डॉलर इंडेक्स में नरमी और रुपये में कमजोरी ने भी इसमें तेजी ला दी है। केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, ईटीएफ में मजबूत निवेश और सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी ने कीमती धातुओं की मजबूती को और बढ़ाया है।

# नवी मुंबई से २० दैनिक उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस



**मुंबई।** एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नए हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी।

ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी। अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जाएगी, जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी। अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन भागीदार के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## यूपी के किसानों के लिए खुशखबरी, सीएसए विवि से मिल सकेंगे बीज

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए विवि) के तिलहन अनुभाग में कृषि वैज्ञानिकों ने पहली बार सरसों की सुरेखा प्रजाति (केएमआर-16-2) को विकसित किया है, जिसका साल 2022 में विमोचन हुआ था और अब कृषि मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के किसानों को सरसों की यह एक नई प्रजाति खेती के लिए मिल जाएगी। सीएसए विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. महक सिंह ने बताया कि इस प्रजाति की खूबी है कि इसमें सर्वाधिक तेल की मात्रा 41.4 प्रतिशत तक मिली है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्योहार में मिला उपहार: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है। पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है।

औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं। जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। पात्रा ने कहा कि सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

## फेरी लगाने वाले युवक की जान गई, ट्रेन के आगे कूदा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सोमवार की रात शामली रोड की बुढ़ाना मोड की चौकी के निकट एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरी और गृहक्लेह के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी है। बुढ़ाना मोड पर मृतक युवक बिहार का निवासी था और वह यहां रहकर कपडे की फेरी करता था वहीं ट्रेन के कूदकर अपनी जान देने वाला युवक कुशीनगर का रहने वाला था और यहां रहकर वह एक फैक्ट्री में काम करता था पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम करा दिया। एक अन्य घटना में ढाबे पर काम कर रहे व्यक्ति की रहस्मय मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार मूलरूप से शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड के निकट एक युवक की डल्लू देवता के निकट अचानक ही बाइक फिसल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की और पता लगा कि मृतक मूलरूप से बिहार का रहने वाला था और वह यहां झुग्गियों में रहकर कपडे की फेरी करता था रात के समय वह अपने काम से घर की ओर लौट रहा था। बुढ़ाना पुलिस चौकी का कहना है कि अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हुई है लोगों का कहना है कि दुर्घटना के काफी समय बाद युवक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा और जब पुलिस ने उसको अस्पताल पहुंचाया तो युवक की मौत हो चुकी थी। छानबीन के बाद मृतक की शिनाख्त 40 वर्षीय रहीस पुत्र निजाम शाह के रूप में की गई। युवक झुग्गियों में अन्य लोगों के साथ अकेला रहता था और उसका पूरा परिवार बिहार में ही रहता है। उधर लोगों का कहना है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

वहीं दूसरी ओर जनपद कुशीनगर के कटौरा महावीर सैपरही निवासी 28 वर्षीय आस मौहम्मद उर्फ आशू पुत्र हरेन्द्र मियां सिविल लाइन क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र मे काम करता था। बीती रात वह अचानक ही फैक्ट्री से कुछ काम के लिए कहकर गया था और औद्योगिक क्षेत्र की चौकी पुलिस को सूचना मिली एक अज्ञात युवक का शव ट्रेन की पडरी पर पड़ा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए मृतक की पहचान 28 वर्षीय आस मौहम्मद उर्फ आशू के रूप में कराई। पुलिस का कहना है कि मृतक कुछ दिनों से परेशान था और घरेलू विवाद के चलते उसने मौत का रास्ता चुना। मृतक की पत्नी व बच्चे कुशीनगर में रहते है।

### ढ़ाबा कर्मचारी की मौत से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** वहीं एक अन्य घटना में 45 वर्षीय मित्ता पुत्र पितम्बर रामपुर तिराहे स्थित एक होटल पर काम करता था। रात्रि के समय अचानक उसकी हालत खराब हो गई। ढाबे मालिक ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

ढाबे मालिक का कहना है कि खून की उल्टी होने के कारण मित्ता की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

# तथाकथित कर रहे शिवसेना को बदनाम

- मंदिर प्रकरण में गुमराह करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने आरोप लगाया है कि खुद को हिंदूवादी नेता बताने वाले कुछ तत्व शिवसेना के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं और मंदिर परिसरों में फी में दुकानें लेने तथा मंदिर समिति पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वास्तविक शिवसेना पार्टी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पूरे देश में हिंदुत्व और आम जनता के हितों के लिए सक्रिय है।

मंगलवार को प्रकाश चौक स्थित शिवसेना कार्यालय में जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने मीडिया को दी जानकारी में बताया कि यह घटना मुजफ्फरनगर के एक मंदिर परिसर में सामने आई है, जहां कुछ कथित शिवसैनिकों ने धरना देकर दुकानें हड़पने और मंदिर कमेटी से धन उगाही की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला कांग्रेस समर्थित शिवसेना (यूबीटी) से जुड़ा है, जिसके नेता आए दिन हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान देते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर कमेटी से बातचीत के बाद यह स्पष्ट हुआ कि न तो पंडित जी को हटाने का कोई इरादा है और न ही पुजारी परिवार के खिलाफ कमेटी की ओर से कोई जबरन कार्यवाही की जा रही है। बल्कि, यह विवाद कुछ दुकानदारों द्वारा 100-100 रुपये के मामूली किराए पर वर्षों से दुकान चलाने और किराया न बढ़ाने से जुड़ा है। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इन दुक. ानदारों ने शिवसेना यूबीटी गुट का सहारा लेकर अपने निजी स्वार्थों को साधने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में जिस पीपल के पेड़ को काटने की अफवाह फैलाई जा रही थी, वह आज भी यथावत हरी-भरी अवस्था में खड़ा है। उन्होंने ने लोगों से अपील की कि वे असली और नकली शिवसैनिकों के बीच अंतर समझें और किसी भी भ्रमित करने वाली गतिविधियों से सावधान रहें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जो लोग शिवसेना के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं, उनके खिलाफ पार्टी सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। कार्यालय आकर उनसे मिली और एक कथित किसान नेता द्वारा किये गये कथित दुर्व्यवहार की जानकारी दी। इसमें शिवसेना आशा बहनों के सम्मान के साथ खड़ी है। उन्होंने किसान नेता के बयान की निंदा करते हुए कहा कि आशा बहनें ईमानदारी से अपना कार्य करें, संगठन उनके साथ है। यदि कोई आशा उत्पीड़न या अवैध वसूली में लिप्त पाई गई तो संगठन उसके खिलाफ भी प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही कराने से पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, संजीव वर्मा, देवेन्द्र चौहान, ओमकार पंडित, आनन्द प्रकाश गोयल, शैलेन्द्र शर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गृह कलेश में महिला ने जहर खाया, मौत

**पुरकाजी।** गृह क्लेश के चलते महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उसे प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र ले जाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मोहल्ला झोझगान निवासी एक महिला ने गृह क्लेश के चलते जहर का सेवन कर लिया। परिजनों में हड़कंप मच गया। और रैफर होने के बाद वह उसे चिकित्सालय ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



मुजफ्फरनगर: छात्र की बरामदगी को धरना देते ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी।

# रोडवेज बसों की अवैध पार्किंग से चेयरपर्सन नाराज़

- एआरएम रोडवेज को पत्र लिखकर दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के मुख्य द्वार के सामने रोडवेज बसों के अवैध ठहराव और पार्किंग पर नाराजगी जताते हुए नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा को चेतावनी पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय गेट पर बसों के रुकने से बच्चों और उनके अभिभावकों की जान जोखिम में पड़ रही है और यदि तुरंत इस पर रोक नहीं लगाई गई तो विभागीय व विधिक कार्रवाई की जाएगी। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा एआरएम को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि रोडवेज बस चालक अक्सर एसडी पब्लिक स्कूल गेट के सामने सवारियां चढ़ाने और उतारने के लिए बसों को लंबे समय तक खड़ा कर देते हैं, जिससे वहाँ पर गंभीर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। छोटे-छोटे बच्चों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में विद्यालय गेट के सामने किसी भी बस का अवैध ठहराव पाया गया तो संबंधित चालकों और रोडवेज विभाग के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी विभाग की होगी। पालिका अध्यक्ष ने पत्र की प्रतिलिपि डीएम, एसएसपी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा संबंधित थाना प्रभारी को भी भेजी है।



मुजफ्फरनगर: पत्रकारों से वार्ता करते शिव सेना नेता।

# छात्र की बरामदगी को कलेक्ट्रेट पर धरना

## स्कूल के टीचर पर आरोप, एसपी देहात ने दिया बारमदगी का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** बघरा स्थित जवाहर नवोद्‌य विद्यालय के अध्यानरत कक्षा नौ के छात्र को लापता हुए 48 घंटे से अधिक बीत चुके है और जैसे-जैसे समय बीत रहा है और मासूम छात्र की बरामदगी नहीं हो रही वैसे-वैसे परिवार की चिंता बढ़ रही है। परिजन व रिश्तेदार अपने बेटे की बरामदगी को लेकर चिंतित है और उन्होने ग्रामीणों के साथ मिलकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द बरामदगी की मांग की है।

इस संबंध में परिवार व जिम्मेदार लोग पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिले है।

मंगलवार को अपहृत छात्र की बरामदगी को लेकर कलेक्ट्रेट पर परिजन व ग्रामीण ने प्रदर्शन किया उन्होने शुरूआत विद्यालय के एक शिक्षक पर छात्र को डांटने और उसके बाद गायब होने का आरोप लगाया है, हालांकि इस मामले की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से थाने की ओर तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, लेकिन इसके बाद भी छात्र की बरामंदगी न होने पर परिजनों की चिंता बढ़ रही है। परिजनों ने अपने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए यहां आए ग्रामीणों ने कहा कि आखिर छात्र कहा गया है? प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि वह थाने में कई बार जा चुके है, लेकिन जब 36 घंटे से अधिक बीतने के बाद भी जब छात्र आर्यन का पता नहीं चला तो उसके साथ अनहोनी की चिंता सता रही है। जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठे परिजन व ग्रामीणों का कहना था कि उनके बेटे के साथ कभी ऐसा नहीं हुआ, लेकिन अब वो कहां गया या किसी ने उसका अपहरण किया है फिलहाल यह मामला एसएसपी के संज्ञान में पहुंचा तो एसपी देहात ग्रामीणों के भीड में पहुंचे और लोगों को शांत करते हुए कहा कि छात्र की जल्द बरामदगी कर ली जाएगी। भीड ने एसपी देहात को बताया कि जवाहर नवोद्‌य विद्यालय बघरा में पढ़ने वाला कक्षा नौ का छात्र आर्यन पुत्र आतिश कुमार निवासी अलीपुर कला स्कूल के शिक्षक के डांटने पर के बाद ही गायब हुआ है। महिलाओं ने भी स्कूल स्टॉफ पर आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। एसपी देहात ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले में कार्यवाही कर रहे है और सर्विलांस तथा एसओजी टीम को भी बरामदगी के लिए लगाया गया है।

छात्र टीचर के डाटने के बाद गायब हुआ या कोई ओर मामला है यह तो पुलिस जांच का विषय है फिलहाल एसएसपी के निर्देशन में एसपी देहात की टीम इस मामले में पूरी तरह भागदौड़ कर रही है। पुलिस प्रशासन लगातार जल्द बरामदगी का आश्वासन दे रहा है।

# नर्सिंग होम को कारण बताओ नोटिस जारी

- बघरा में नवजात की मौत, जच्चा की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर/तितावी।** स्वास्थ्य विभाग ने बघरा स्थित लाइफ लाइन नर्सिंग होम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस की वजह यह है कि डिलीवरी के दौरान ऑपरेशन के बाद नवजात शीशु की मौत हो गई है अब सवाल यह है कि स्वास्थ विभाग द्वारा जारी किया कारण बताओ नोटिस यह साबित कर रहा है कि स्वास्थ विभाग अस्पताल की लाप. रवाही मानकर चल रहा है। यह भी सवाल है कि कारण बताओ नोटिस के बाद क्या नवजात शीशु जिन्दा हो जाएगा, जबकि लगातार जनता व सामाजिक लोग झोलाछाच चिकित्सकों के विरूद्ध आवाज उठा रहे है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही ना के बराबर करता है। ऐसा नहीं है कि स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों ने कई नर्सिंग होम व अस्पतालों पर सील भी लगाई है, लेकिन कुछ दिन बाद क्या नर्सिंग होम या अस्पताल के कागज ऑरिजनल बन जाते है अब स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय सीएचसी विभाग की टीम ने एक नवजात शीशु की मौत के बाद संज्ञान लेते हुए बघरा स्थित लाइफ लाइन नर्सिंग होम को कारण बताओं नोटिस भेजा है। बच्चे की मौत के बाद जच्चा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अब सरकारी डॉक्टर के हाथो जच्चा का इलाज चल रहा है। सवाल यह है कि जनपद के कई संगठन व जच्चा व बच्चे की मौत होने के बाद पीड़ित परिवार लगातार स्वास्थ्य विभाग को फर्जी डॉक्टरों की शिकायत कर रहा है, लेकिन यह शिकायत सिर्फ पीड़ितों की सिसकियों व रोने में ही सिमट जाती है या यूं कहा जाए कि जिस परिवार का बच्चा या महिला की मौत होती है वह तो समय पर ही हल्ला-गुल्ला कर कार्यवाही की मांग करता है, लेकिन अभी तक नगर में कई फर्जी अस्पताल चल रहे है जिनके पास मानक के अनुसार कोई भी कागज व अन्य सर्व सामान नहीं है। अब सवाल यह है कि फर्जी अस्पतालों को चलाने के पीछे किन का हाथ है। कुछ दिन पूर्व भी एक मामला सामने आया था कि स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी ने नर्सी व एक अस्पताल की वीडियो बनाई थी जिसमें छोटे-छोटे बच्चों को बीमार के इलाज के लिए लगाया गया है क्या छोटी उम्र के बच्चे बीमारों का इलाज कर पाएगे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने इस मामले की न्यायिक अधिकारी से शिकायत भी की थी, लेकिन उसके बावुजूद भी ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं होती है।

# प्रेम विवाह करना बना अभिशाप

**मुजफ्फरनगर।** अनुसूचित जाति की महिला को कश्यप समाज के युवक से शादी करना अभीशाप बन गया है महिला व उसके बेटे का आए दिन उत्पीडन किया जा रहा है आरोप तो यहां तक है कि उसके घृणा करने वाले लोग नल से पानी भरने का भी विरोध करते है, हालांकि दूसरे पक्ष ने भी महिला पर पुलिस अधिकारियों को एक शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए है, जबकि महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर गांव के लोगों पर घृणा करने व जातिवाचक शब्द कहने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को एक महिला पुलिस कार्यालय पहुंची और एसएसपी के दरबार में पेश होकर बताया कि उसका नाम काजल है और वह अनुसूचित जाति से है। पीड़िता का कहना है कि कश्यप समाज के गोविंद से प्रेम विवाह करना उसके लिए अभिशाप बन गया है। उसके गांव के लोग उससे घृणा करते है महिला का कहना है कि गावं आखलौर की रहने वाली है और इक्कीस सितम्बर को गांव के ही कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर जातिवाचक शब्द कहते हुए गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला ने उक्त लोगों पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। पीड़िता का कहना है कि घृणा करने वाले लोग पानी भरने का भी विरोध करते है और बाइस सितम्बर को भी उसके घर पर पत्थराव किया गया। उधर आरोपी लोगों ने भी पुलिस कार्यालय पहुंचकर महिला पर गंभीर आरोप लगाए है। कुल मिलाकर महिला व ग्रामीणों के बीच आरोप प्रतियारोप का सिलसिला चलता रहा। गांव से ट्रॉली में भरकर आए लोगों ने एसएसपी को महिला की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है तो पीड़ित महिला ने भी इंसाफ मांगा है।

# कचहरी परिसर में काटे गए वाहनों के चालान



**मुजफ्फरनगर।** यातायात पुलिस ने नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में कचहरी परिसर में अभियान चलाकर गलत ढंग से खडे किए गए वाहन चालकों के चालान काटे। बार एसोसिएशन के सहयोग से चालान की कार्रवाई यातायात पुलिस के द्वारा प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में की गई है। मंगलवार को अभियान में 210 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही यातायात पुलिस ने विभाग की ओर से कचहरी में आने वाले लोगों से अपील भी की कि वाहनों को पार्किंग में लगाए ताकि यहां आवागमन बाधित न हो। उन्होने सहयोग की अपेक्षा करते हुए सभी से यातायात के नियमों का पालन करने की भी अपील की।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिपोर्ट सार्वजनिक न होने पर जनता में भ्रम

- यूपी के राज्य विद्युत उपभोक्ता परिसर में भी उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में बिजली कम्पनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर और चैक मीटर की रीडिंग का मिलान सार्वजनिक न होने पर उपभोक्ता अभी भी इसका पूर जोर विरोध कर रहे है, हालांकि उत्तर प्रद. ेश के कई जनपद के कई स्थानों, कस्बें व गांवों में स्मार्ट लगा दिए गए है। और कई जनपदों में अधिकतर स्थानों पर इसका पूर जोर विरोध किया जा रहा है कुछ स्थानों पर तो स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंकर दिए गए और कई जनपदों में लोग स्मार्ट मीटर



का विरोध करते हुए पंचायत भी कर रहे है। यह मामला जनपद से लेकर शासन तक गूंज रहा है, लेकिन बिजली कम्पनियां स्मार्ट प्रीपैड और चैक मीटर रीडिंग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर रहे है, हालांकि जनपद मुजफ्फरनगर के विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मामले में जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि नए व पुराने मीटर की रीडिंग उपभोक्ताओं को मिलान करके दिखाई जा रही है और स्मार्ट मीटर में न तो कोई कमी है और न ही यह रीडिंग ज्यादा देता है यह सूचनाएं भी सार्वजनिक की जा रही है इसके लिए कम्पनी समाचार पत्र व अन्य माध्यमों से उपभोक्ताओं को समझा रही है। एक तरफ विद्युत विभाग के सीनियर अधिकारी लगातार यह दावा कर रहे है कि वह स्मार्ट मीटर या यूं कहा जाए कि नए या पुराने मीटर की रीडिंग उपभोक्ताओं को लगातार दिखाकर उन्हे अन्य जानकारी भी दे रहे है, लेकिन उपभोक्ता अधिकारियों से लेकर समाचार पत्रों में छपे इस खबर से संतुष्ट नहीं हो रहे है। स्मार्ट मीटर या नए-पुराने मीटर की क्या सच्चाई है यह तो विद्युत विभाग की जाने, लेकिन सभी जनपदों में उपभोक्ता यही कह रहे है कि स्मार्ट मीटर से लोगों में भ्रम फैल रहा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर और चैक मीटर की रीडिंग को लेकर संबंधित विभाग के संगठन भी आवाज उठाने लगे है। परिसर अध्यक्ष अवधेश वर्मा देवी इस मुद्दे को उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव भी दाखिल कर दिया है। विद्युत विभाग के एक संगठन की माने तो पूरे प्रदेश में अब तक 39 लाख स्पीड मीटर व दो लाख से अधिक चैक मीटर लगाए जा चुके है, लेकिन परिसर के अध्यक्ष का भी यही कहना है कि इनकी रीडिंग मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यो नहीं की जा रही है? उनका यह भी कहना है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना का कुल व्यय लगभग 27342 करोड के करीब है और पन्द्रह सितम्बर तक 3933900 स्मार्ट प्रीपेड मीटर और 224200 से अधिक चैक मीटर लगाने की जानकारी भी कम्पनियां नहीं दे रही है। जबकि उपभोक्ता लगातार मीटर तेज चलने की शिकायत और कई बार लोड भी जम करने भी शिकायत कर रहे है। परिसर के अध्यक्ष तो यहां तक आरोप लगा रहे है कि डिस्कॉम्स मीटर रीडिंग मिलान रिर्पोट को सरकार को भी नहीं भेजी जा रही है। यही कारण है कि उपभोक्ताओं में लगातार भ्रम फैल रहा है। यूपी के ही जनपद मुजफ्फरनगर में भी स्मार्ट मीटर को लेकर कई बार विवाद हो चुका है।



मुजफ्फरनगर: पटेल नगर में रामलीला के कलाकारों का हौसला बढ़ाते अतिथिगण।



इन्दिरा कॉलोनी रामलीला में श्रीराम की पूजा कराते मुख्य अतिथि ठा. मुकेश सिंह व प्रदीप त्यागी।

# ताड़का का भयावह रूप देख कांप उठे बच्चे

- श्री राम के जीवन आदर्शो पर चलने की जरूरत: ठा. मुकेश सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हर की शक्ति क्लब रामलीला में सोमवार रात रामायण के प्रसिद्ध प्रसंग 'ताड़का वध' का मनमोहक मंचन किया गया। ताड़का का अभिनय रिंकू कटारिया ने किया, जिसने रामलीला में पहुंचे लोगों को अपनी कला से भावविभोर कर दिया।

इसके बाद रामलीला में फुलवारी लीला, माली मालन का सुंदर अभियान किया गया। मालन उज्जवल शर्मा चौकी वाले का रोल राहुल पांचाल द्वारा किया गया। रामलीला की आरती केशव मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, उपाध्यक्ष वैभव त्यागी, सभासद रजत धीमान, ठाकुर मुकेश सिंह, प्रदीप त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार शरद गोयल, वरिष्ठ पत्रकार तरुण पाल द्वारा की गई। गुरु विश्व मित्र ने राम लक्ष्मण को युद्ध कौशल की अनेक विद्या सिखाई जो कि भविष्य में जाकर उनकी सहायता करेंगे।

मारीच का रोल वंश कश्यप ने किया। ताड़का वध में व्यवस्था संभालने में सुनील, कपिल चौरसिया सरदार राजेंद्र सिंह, सुनील त्यागी, डॉक्टर अमरीश त्यागी, सनी विनोद कश्यप आदि शामिल रहे।

# पूर्व प्रधान की पुत्रवधू ने नहर में लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** निरगाजनी गंग नहर झाल से रहमतपुर के पूर्व प्रधान संत. रपाल की पुत्रवधु व क्षेत्र के प्रसिद्ध हलवाई की पत्नी ने गंग नहर मे छलांग लगा दी। जिसके बाद गांव मे सनसनी फैल गयी।

मौके परग्रामीणों की भीड़ इकठा हो गयी।पीएसी बचाव दल द्वारा नहर मे मोटर बोट की सहायता से महिला की तलाश की जा रही है।घटना से परिवार मे कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर झाल पर मंगलवार को रहमतपुर निवासी 32 वर्षीय मो. निका बेटी जिया के संग बदहवास हालत मे पहुंची और नहर मे छलांग लगाने का प्रयास किया किया। बेटी जिया रोकने लगी मोनिका ने बेटी जिया को पीछे धक्का देकर स्वयं नहर मे छलांग लगा दी। मां को नहर मे डूबते देख घबराई जिया ने परि. जनों को सूचना दी।परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच तथा पुलिस को सूचना दी।

जिसके बाद पीएसी रेस्कयु टीम द्वारा महिला की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रहमतपुर निवासी पूर्व प्रधान संतरपाल के पुत्र बालिन्दर उर्फ कन्हैया की शादी छरू वर्ष पूर्व मेरठ जनपद के मवाना खुर्द निवासी मोनिका के साथ हुई थी। मोनिका ससुराल में ब्यूटी पार्लर व जनरल स्टोर चला रही थी।दोपहर के समय मोनिका अपनी छोटी बेटी जिया संग दवा लाने के बहाने घर से गई थी। घटना के बाद गांव मे सनसनी फैल गयी है। वहीं पुत्री पारूल, जिया पुत्र अभय आदि का रोरोकर बुरा हाल है।कन्हैया क्षेत्र मे प्रसिद्ध हलवाई के रूप मे जाने जाते हैं।

## मंडी समिति अधिकारियों पर लगा धन उगाही का आरोप

**बुढ़ाना।** मंडी समिति शाहपुर के कुछ अधिकारियों पर कस्बे के कुछ व्यापारियों से लाइसैंस रिन्यूअल कराने के नाम पर अवैध उगाही का आरोप लगा है। मंगलवार को बुढ़ाना के एक बाजार से किसी व्यापारी द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल को ये सूचना दी गयी कि मंडी समिति शाहपुर के कुछ अधिकारी कस्बे में आए हैं। जो यहां के व्यापारियों को लाइसेंस रिन्यूअल नहीं करवाने का डर दिखाकर अवैध धन उगाई कर रहे हैं।

तब ये जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल ने इस मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया और तुरंत मंडी समिति शाहपुर के सचिव नीतिश मलिक से वार्ता की। फिर मंडी समिति कार्यालय में जाकर उनसे मीटिंग की तो मीटिंग का परिणाम सार्थक निकला। जिसमें मंडी समिति शाहपुर के सचिव नितिश मलिक ने व्यापारी नेता राजेश संगल को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी को नाजायज परेशान नही किया जाएगा। सिर्फ लाइसेंस रिनुअल करने का जो शुल्क होगा उसकी रसीद मिलेगी और वही शुल्क लिया जाएगा। इसलिए किसी भी व्यापारी को डरने की जरुरत नहीं है और न ही किसी भी अधिकारी को अधिक पैसे देने की जरूरत है। राजेशध संगल ने बताया कि किसी भी समस्या के निवारण के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना समस्त व्यापारियों के साथ खड़ा है। यहां विकास गर्ग, सोमांश संगल और ;षभ गोयल भी थे।

## द्वितीय नवरात्रि पर गुरुकुल रतनपुरी में पंच कुण्डीय महायज्ञ, भक्तिमय माहौल में गूंजे वैदिक मंत्र

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुकुल रतनपुरी में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। मंगलवार को द्वितीय नवरात्रि पर श्रीराम जानकी सेवा समिति द्वारा ऋ के तत्वावधान में पंच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया।गुरुकुल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्तिमय भजनों के साथ माहौल पूरी तरह से आस्था और श्रद्धा में डूबा रहा।

महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में ब्राह्मण महासभा खतौली के अध्यक्ष के.पी. शर्मा, महासभा के कोषाध्यक्ष एवं भाजपा खतौली के महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा, प्रशांत पंडित, सरदार सतनाम सिंह, सचिन खारी सहित अन्य श्रद्धालु सम्मिलित हुए। समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा तथा यजाचार्य अत्रि जी महाराज ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री अत्रि जी महाराज ने द्वितीय नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन माँ दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म और चारिणी शब्दों से बना यह नाम उस शक्ति का प्रतीक है, जो तप, साधना और ज्ञान को धारण करती है।

उन्होंने बताया कि माता ब्रह्मचारिणी की उपासना से साधक को ज्ञान, विवेक और आत्मबल प्राप्त होता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतेंद्र ठाकुर, तरसपाल चेयरमैन, राजेंद्र मित्तल, विनीत शर्मा, गौरव, अमन, आयुष, विशाल, प्रवेश समेत क्षेत्र के अनेक भक्तजन शामिल हुए। गुरुकुल परिसर में प्रतिदिन नवरात्रि महोत्सव के तहत विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## भक्तिभाव के साथ मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

**खतौली।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से मंगलवार को नगर में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम व श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर वैश्य समाज के पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर महामंत्री निर्भीक अग्रवाल के जैन नगर स्थित प्रतिष्ठान पर किया गया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती उतारी और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।संगठन के संरक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि महारा. जा अग्रसेन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वंशज थे। उनके जीवन के तीन प्रमुख आदर्श थे‑लोकतांत्रिक शासन, आर्थिक समरूपता और सामाजिक समानता। एक रुपया-एक ईंट का सिद्धांत देकर उन्होंने समाजवाद का संदेश दिया। आतिश गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन को सकारात्मकता और विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज परिश्रमी और धैर्यवान होता है तथा व्यापार के साथ शिक्षा और सनातन धर्म के उत्थान में सदैव योगदान देता आया है। नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन दर्शन आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। लोकतांत्रिक शासन, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय के उनके सिद्धांत केवल वैश्य समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के उत्थान में मार्गदर्शक हैं।इस अवसर पर प्रवीण गुप्ता, कन्हैया गोयल, विनय अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, पंकज गुप्ता, राहुल गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री अमित गोयल, यश अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष शिवम तायल, मानव अंकुर गुप्ता, नगर महामंत्री अंतरिक्ष गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता, नितिन सिंघल, माधव गुप्ता, मनन गुप्ता, शिवम मित्तल आदि मौजूद रहे।

## राशन डीलर ने लगाया धमकी देने व फर्जी शिकायत का आरोप

**मोरना।** युवक द्वारा प्रेम विवाह के उपरांत दूसरे पक्ष पर खुन्नस के तहत फर्जी शिकायत करने व गाली गलौज का आरोप योगेन्द्र नगर के राशन डीलर ने लगाया है।पीड़ित राशन डीलर ने जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी व थाना भोपा पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर निवासी सोमवीर उर्फ़ सोम ने थाना प्रभारी निरीक्षक के नाम तहरीर देकर बताया की वह गत बीस वर्षो से वह गांव मे सरकारी राशन का वितरण करता है।परिवार के ही युवक द्वारा प्रेम विवाह करने के बाद दूसरे पक्ष के व्यक्ति उसके परिवार से खुन्नस रखने लगे हैं। तथा आएदिन उसके खिलाफ साजिश करते हैं।सीसीटीवी कैमरो की निगरानी के बीच वह राशन का वितरण कर रहा है।बावजूद इसके दूसरा पक्ष फर्जी शिकायत कर अधिकारियो को भर्मित करने का प्रयास करता रहता हैं। सोमवीर ने बताया की आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर धमकी दी है। गांव मे उसके समाज के मात्र कुछ ही परिवार हैं।जिसके चलते उसका परिवार भयभीत हैं।पीड़ित ने पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारियो को प्रार्थनापत्र देकर सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है

# राम वनवास की लीला देख भावुक हुए श्रद्धालु

**खतौली।** नगर में मंगलवार की शाम श्रीरामलीला कमेटी ठाकुरद्वारा के तत्वावधान में राम वनवास की लीला का मंचन किया गया।

कलाकारों ने जब भगवान श्रीराम के वनवास गमन का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया तो दर्शक भाव-विभोर हो उठे। मुख्य मार्गों पर निकाली गई वनवास यात्रा के दौरान लोग भगवान श्रीराम के समक्ष नतमस्तक हो गए। खास बात यह रही कि पूरे उत्तर प्रदेश में खतौली ही ऐसी जगह है, जहाँ राम वनवास प्रसंग के समय गंगनहर को सरयू नदी का रूप दिया जाता है। यहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ पहुंचे तो केवट ने उन्हें नाव में बैठाकर नदी पार कराई। राम-केवट संवाद सुनकर उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गईं। मंचन का शुभारंभ गणेश वंदना और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा माता-पिता की आज्ञा स्वीकार कर 14 वर्ष का वनवास गमन, निषादराज से भेंट और सरयू नदी पार कराने का प्रसंग भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत चित्रकूट तक की यात्रा का भी मंचन किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालु रामलीला का आनंद लेते रहे और कलाकारों की सराहना करते नजर आए। मंचन से पूर्व पूजा-अर्चना पंडित श्रीनिवास शर्मा द्वारा कराई गई। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष गणेश शंकर पालीवाल, मंत्री राजेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, गौरव शर्मा, दुष्यंत शर्मा उर्फ अन्नू, मनोज सैनी, सतीश वर्मा, वेद प्रकाश अग्रवाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संच. ालन मास्टर तेजपाल सिंह ने किया। सरयू नदी पार करने के बाद भक्तों द्वारा भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की महाआरती भी की गई।



# कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पोश अभियान

**मुज़फ्फरनगर।**एक्शन ऐड इंडिया के सहयोग से असंगठित मज़दूर यूनियन मुज़फ्फरनगर द्वारा अगस्त माह से चल रहे 100 दिवसीय पोश अभियान के तहत कार्यस्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन हिंसा रोकथाम अधिनियम 2013 की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना और कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित करना है।

असंगठित मज़दूर यूनियन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता कमर इंतेखाब ने बताया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़नख्रचाहे वह प्रलोभन, दबाव या जबरन करने से जुड़ा होख्रकानूनन अपराध है। इसके लिए अधिनियम में जुर्माना, नौकरी से बर्खास्तगी और 3 माह से 5 वर्ष तक की कैद का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न में शारीरिक संपर्क, यौन संबंध की मांग, अश्लील टिप्पणी, अश्लील साहित्य दिखाना या कोई भी अवांछित यौन व्यवहार शामिल है। अधिनियम के अनुसार, 10 या अधिक कर्मचारियों वाले संगठन में आंतरिक शिकायत समिति और प्रत्येक जिले में स्थानीय शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है।पाश प्रशिक्षक गीता व कविता ने अधिनियम की कानूनी प्रक्रिया और महिलाओं की सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

जो महिलाओं की जागरूकता और भागीदारी को दर्शाता है। यह अभियान महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और भेदभाव रहित कार्य वातावरण स्थापित करने की दिशा में अहम कदम साबित हो रहा है। अभियान में मेघा, चीना, देवेंद्री, दीपा, अनु, अंजु, राखी, विमलेश आदि का सहयोग रहा।

## महिलाओं को सुरक्षित स्वावलम्बी और सशक्त मनाने की पहल

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाने में सोमवार को भारत सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति 5.0 अभियान के शुभारंभ पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाये जाने के साथ ही उनके सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी और जनजागरण के सहारे महिलाओं को मिशन से जोड़ने पर जोर देने के साथ कहा कि महिलाओं और बेटियों को सम्मानजनक सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए । खालापार थाने में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल एक अभियान नहीं बल्कि महिलाओं के जीवन को सुरक्षित, स्वावलंबी, सशक्त और सम्मानजनक बनाने की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि समाज तभी सशक्त हो सकता है जब महिलाओं को भयमुक्त वातावरण, बराबरी का दर्जा और आत्मनिर्भरता का अवसर मिले। उन्होंने युवाओं और प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की कि वे इस मिशन को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने अभियान को लेकर महिला पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी ली और महिलाओं को उनके अधिक. ारों के साथ ही सरकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उनको जागरुक किया। क्राइम इंस्पेक्टर ममतेश रानी ने कहा कि पुलिस प्रशासन महिला सुरक्षा के लिए निरंतर सतर्क है और मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत ठोस कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने भी भरोसा दिलाया कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर तत्पर रहेगी। युवाओं से इस मिशन में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन महिला सम्मान व सुरक्षा की शपथ के साथ हुआ। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि समाज में बेटियों और बहनों की गरिमा और सुरक्षा सर्वोपरि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महिला पुलिस अधिकारी काजल सुधा प्रदेश अध्यक्ष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट रेणु वर्मा जिला अध्यक्ष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

**खतौली।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर श्रीकुंद कुंद जैन पीजी महाविद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, क्षेत्राधिकारी आशीष, थाना प्रभारी दिनेश चंद्र और कॉलेज सचिव मुकेश जैन ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खुशबू कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनकी सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों कृ 1090, 106, 112, 1930 और 181 कृ की जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या असुरक्षा की भावना होने पर इन नंबरों का प्रयोग कर तुरंत मदद प्राप्त करें। क्षेत्राधिकारी श्रीराम आशीष ने नारी शक्ति के साहस और ख्रढ़ता को नमन करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ आत्मबि्वास और साहस ही वास्तविक सशक्तिकरण की पहचान है। कार्यक्रम में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सामी ने अपने दैनिक जीवन के अनुभव साझा कर छात्राओं को जागरूक किया, वहीं द्वितीय वर्ष की छात्रा इलाम ने एक सशक्तिकरण पर आधारित कविता प्रस्तुत की। छात्रा गौरी ने भी अपने विचार रखे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर प्रो. नीरजा गुप्ता, प्रो. अविन्द्र कुमार, डॉ. सपना, डॉ. अर्चना बालियां, डॉ. पूजा पुंडीर, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विशु, डॉ. पारुल शर्मा, सीमा तोमर, विकास जैन, मुकुल जैन, रजत गुप्ता, पारुल जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं का सम्मान करो : संजय कुमार वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज श्रीराम कॉलेज के सभागार में ''नारी शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन'' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप चेयरपर्सन, नगरपालिका, मुजफ्फरनगर, कार्यक्रम अध्यक्ष संजय कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा विशिष्ट अतिथियों में डा पुरूषोत्तम गौतम, क्षेत्रीय मंत्री, भाजपा पश्चिमी उ0प्र0, इंदु सिद्धार्थ, एसपी क्राइम, मुजफ्फरनगर, राजू कुमार साब, सीओ नई मंडी, मुजफ्फरनगर, प्रीति भारद्वाज सेक्रेटरी/सीईओ बी पैक चरथवाल एवं छपार, गौरव सब इंस्पेक्टर, ज्योति यादव सब इंस्पेक्टर, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा अशोक कुमार, निदेशक, श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर आदि द्वारा दीप प्र्ज्जवलीत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप ने नारी सशक्तिकरण' के विषय में विद्यार्थियों को बताया कि नारी सशक्तिकरण का तात्पर्य महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा और समानता से सुसज्ज्ति करना है। इस अवसर पर संजय कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियो को प्रोत्साहित करते हुये ''यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:'' अर्थात जहॉं नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहॉं देवताओं का वास होता है मुहिम पर बल दिया।

## पति से लड़ झगड़कर महिला ने खाया जहर

**बुढ़ाना।** अपने पति से किसी बात पर लड झगड़कर एक महिला ने उसकी गैर मौजूदगी में घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। महिला को गंभीर हालत में आनन फानन में एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत में अब सुधार बताया गया है। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पश्चिमी पछाला निवासी एक महिला का बीती सोमवार की देर शाम किसी बात पर झगड़ा हो गया था। तब पति राम की बारात में चला गया जबकि देर रात अपने पति की गैर मौजूदगी में 32 साल की तीन बच्चों की मां ने गुस्से में आकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। आनन फानन में महिला को गंभीर हालत में मंगलवार की प्रथम रात्रि करीब 12 बजे एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गयाध् जहां पर उपचार के बाद आज मंगलवार की सुबह उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ है। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी है।

## मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने किया औचक निरीक्षण

**मुज़फ्फरनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरथावल तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, दधेडू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं तथा दवाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। डॉ. सुनीलतेवतिया ने अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था, पंजीकरण कक्ष, ओपीडी सेवाओं तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी उपस्थिति दर्ज की और कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर पंजीकरण और उपचार की सुविधा उपलब्ध हो। किसी भी मरीज को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर से दवाएँ न खरीदनी पड़ें। प्रसव सेवाओं और आपातकालीन सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दिए जाने पर भी बल दिया गया। डॉ. तेवतिया ने कहा कि इन सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही मरीज और परिजनों के लिए गंभीर हो सकती है, अत: इन्हें पूर्ण जिम्मेदारी से संचालित किया जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि गंदगी या अव्यवस्था मिलने पर संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के संदर्भ में उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. तेवतिया ने कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना हम सभी की पहली जिम्मेदारी है। प्रत्येक कर्मचारी को अपनी डड्यूटी समय पर करनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा जताई कि वे अपनी टीमों के साथ नियमित बैठक करें और स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करें।

# नई मंडी रामलीला में भगवान राम ने चारों भाइयों सहित लिया अवतार

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला कमेटी नई मंडी के तत्वाधान में श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे तीसरे दिन श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं उद्यमी श्रवण गर्ग एवं सुभाष गोयल डायरेक्टर सिद्धबली पेपर द्वारा हनुमान जी व श्री रामायण जी की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रवण गर्ग ने कहा कि भगवान राम की लीला का मंचन देखकर हम सभी को उनके आदर्श को अपनाना चाहिए तथा आज के वातावरण में अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में श्री रामलीला के मंचन में लाकर संस्कारीत करना चाहिए लीला मंचन में सत्य प्रकाश रेशू भी उपस्थित रहे उन्हें भी पटका पहनाकर तथा श्री रामलीला का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के स्वामी पुरनचंद के निर्देशन में व स्वदेश कौशिक के संचालन में कलाकारों ने भगवान राम के जन्म की लीला का सुंदर मंचन किया। भगवान राम सहित चारों भाइयों के जन्म पर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पूरा पंडाल जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा। कैलाश चंद ज्ञानी, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, राजेश गोयल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल डॉक्टर प्रदीप जैन, विनय कुमार, राजकुमार, रवि गोयल आदि उपस्थित रहे।



# आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाएं: कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** 10वें आयुर्वेद दिवस का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में आयोजित किया गया। 10वें आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कपिल देव अग्रवाल, राज्य मत्री स्वतन्त्र प्रभार, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार वीरपाल सिंह निर्वाल, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, मीनाक्षी स्वरूप, मा. अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देश भूषण, की गरिमामयी उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम में आयुर्वेद विधा के विशेषज्ञ चिकित्सकों डा. अरूण कुमार चिकित्साधिकारी, डा. अनुमा चौधरी द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान से लाभान्वित किया।

कार्यक्रम में सोनिया लूथरा, योग विशेषज्ञा द्वारा भी योग एवं ध्यान के विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कपिल देव अग्रवाल, मंत्री द्वारा आयुर्वेद की महत्वता व आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु अपने व्क्तव्य व्यक्त किये गये साथी ही मा. जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा आयर्वेद की जटिल रोगो में उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यक्रम की प्रंश. सा करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जाने चाहियें। कार्यक्रम के पश्चात संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किये गये जिसमें आगन्तुक गणों द्वारा विभिन्न रोगों पर प्रश्न किये गये जिसका उत्तर आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा दिया गया। कार्यकम में आयुर्वेदिक विभाग के सभी अधिक. ारी/ कर्मचारी, होम्योपैथिक विभाग के अधिकारी / कर्मचारी एवं निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक चिकित्सक भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था डा. इसम पाल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा की गयी। कार्यक्रम में डाद्द अक्षय कुमार कात्यायन जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी का भी विशेष योगदान रहा।



# पूर्व मंत्री आज़म खान की रिहाई पर सपा नेताओं ने बांटी मिठाई

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मंत्री व समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मौहम्मद आज़म खान की 23 माह बाद जेल से रिहाई पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। सपा नेता अब्दुल्ला राणा पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग मुफ्ती जुल्फिकार सपा मीडिया प्रभारी साजिद हसन सपा नेता नासिर खान,पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी द्वारा मिठाई बांटकर पूर्व मंत्री मौ. आज़म खान की जेल से रिहाई पर खुशी मनाई गई।सपा नेता अब्दुल्ला राणा,साजिद हसन, मुफ्ती जुल्फिकार ने कहा कि पूर्व मंत्री मोहम्मद आज़म खान पर राजनी. तिक द्वेष से लगातार फर्जी मुकदमे दर्ज करके उनके परिवार का उत्पीड़न किया गया लेकिन न्याय पालिका ने देर से ही सही जमानत देकर न्याय किया है। इस अवसर पर प्रधान इमरान राणा, मासूम कसार,इनाम राणा, कामरेड अब्बास अली, हाजी इसरार, मौ.अरशद, सईद सलमानी,शाहनवाज त्यागी, सागर कश्यप,दीपक त्यागी, शाहवेज नंबरदार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 62/01.01.16 मे गलती से पुत्री का नाम आराध्या अंकित करा दिया गया, जबकि उसका वास्तविक नाम ओजस्वी चौधरी है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**

**लव कुमार पुत्र जयदेव चौधरी**
**खेरी खुर्द, श्यामपुर ऋषिकेश**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रविकान्त व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**वेदपाल पुत्र रामलाल**
**निवासी- 43 रसूलपुर कैरोला,**
**थाना खतौली, तहसील खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1449, पंजीकरण दिनांक 10.2.2012 में मेघा अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम मेघा राय चन्देल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा।

**भुवन पुत्र श्री प्रवीण कुमार**
**पाल निवासी गंगाविहार,**
**राजवाहा रोड मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र पंजीकरण संख्या 4156 दिनांक 30.04.2014 में उत्कर्ष अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम आरव राय चन्देल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतू शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**भुवन पुत्र श्री प्रवीण कुमार**
**पाल निवासी गंगाविहार,**
**राजवाहा रोड मुजफ्फरनगर**

**अन्जुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा, मुजफ्फनगर ( रजि० )**

**विज्ञप्ति**

अन्जुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा मुजफ्फरनगर की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था के सचिव मौ. अफरोज द्वारा मुन्तजिमा कमैटी की एक मीटिंग जो दिनांक 25-9-2025 को समय 3.00 बजे दिन सैय्यद अबुल कासिम हॉल रजा अली खां सादात हास्टिल आर्य समाज रोड मुजफ्फरनगर में एजेन्डा जारी कर मीटिंग में शिरकत फरमाने की गुजारिश की है। वो एजेन्डा एवं मीटिंग नियमावली के नियमानुसार न होने के कारण निष्प्रभावी एवं शून्य है। जिसे निरस्त किया जा चुका है। इस सम्बन्ध मे पूर्व में पत्र लिखकर सचिव महोदय को अवगत कराया चुका है।

**अमजद अली( अध्यक्ष )**

**अन्जुम तरक्की ए तालीम सादात बाहरा आर्य समाज रोड, मुजफ्फरनगर**

## चालक के साथ मारपीट कर कार का शीशा तोड़ा

**मोरना।** भोकरहेड़ी बाजार में देर शाम कार चालक के साथ युवकों ने मारपीट की व कार का शीशा भी तोड़ दिया। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार निवासी महिला शीला देवी ने थाने पर मुकदमा दर्ज कर बताया की उसका पुत्र शुभम सोमवार की देर शाम घर से कार लेकर जा रहा था की रास्ते मे आकाश व एक अन्य युवक ने उसे रोक लिया तथा कार को मांगने लगे। शुभम ने इनकार करने पर दोनों आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। शुभम ने विरोध किया जिस पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए कार के शीशे भी तोड़ दिये। शोर सुनकर मौके पर भीड़ इकठा हो गयी। मौके पर मौजूद व्यक्तियों ने शुभम की जान बचाई। आरोपी धमकी देकर चले गये।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के ग्राम खिजरपुर मदीनपुर में आज मंगलवार के दिन एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

यह शिविर आईएएस एजुक. ेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। दूर दराज़ से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शिविर स्थल पर पहुंचे और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सभी की आँखों की जाँच की। जिनकी नज़र कमजोर पाई गई उन्हें तुरंत नि:शुल्क दवाइयां और चश्मे उपलब्ध कराए गए। गांव की एक बुजुर्ग महिला ने भावुक होकर कहा कि हमारी आंखों की रोशनी ही हमारा जीवन है। आज ट्रस्ट ने हमें एक नई उम्मीद दी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजि. नियर मोहम्मद अरशद शाह ने बताया कि गांव गांव में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। हमारी कोशिश यही है कि कोई भी ग्रामीण इलाज के अभाव में परेशान ना हो। ग्रामीणों ने इस शिविर की दिल से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए एक बड़ी मिसाल हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। यहां मास्टर मुनीर, इसरार, इश्तेकार, राकेश, डॉक्टर आदेश, हरि सिंह, मुर्सलीम, यासर खान, शोकीन सलमानी, अय्यूब, प्रदीप, पूरन, हारून, अनिल, सोमदत्त, रहीस, किरण प्रजापति, सोमपाल, इश्तेकार, नोशाद, असगर अंसारी, मोटा अंसारी, बारु सैफी, संजय आदि का योगदान रहा।



# तहसील मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की लीपापोती, गड्ढों में डाली रेत बनी मुसीबत

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** नगर का सबसे व्यस्ततम तहसील मार्ग इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने टूटी-फूटी सड़क को ठीक कराने के बजाय गड्ढों में मिट्टी और रेत डालकर खानापूर्ति कर दी है। अब इस पर से गुजरते समय वाहन फिसल रहे हैं, जिससे आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। विभाग की इस लापरवाही से लोगों में भारी आक्रोश है।

तहसील मार्ग न केवल नगरवा. सियों के लिए बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों और जगत कॉलोनी के लोगों की जीवनरेखा है। इस मार्ग पर एक बड़ा इंटर कॉलेज भी स्थित है, जहां रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ने आते-जाते हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर बने गहरे ग्ड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है।आश्चर्य की बात है कि इसी मार्ग से रोजाना एसडीएम, तहसीलदार, अधिवक्ता व अन्य विभागों के अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली पर किसी का ध्यान नहीं गया। लोगों का कहना है कि कई बार शासन-प्रशासन को शिकायती पत्र देकर इस मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की जा चुकी है। यहां तक कि जनप्रति. निधियों को भी ज्ञापन दिया गया, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।

**लीपापोती ने बढ़ाई मुसीबत**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए टूटी सड़क के ग्ड्ढों में सिर्फ मिट्टी और रेत डाल दी। इससे सड़क की हालत सुधरने के बजाय और भी खतरनाक हो गई है। राहगीरों के अनुसार, अब जरा सी बारिश या हवा चलने पर रेत सड़क पर फैल जाती है और वाहन फिसलकर गिर जाते हैं।

लोगों की पीड़ा, बयान में झलका आक्रोश

इंटर कॉलेज के छात्र अभिषेक ने बताया, ष्हर रोज इस सड़क से कॉलेज आना पड़ता है। कई बार साइकिल और बाइक फिसलकर गिरे हैं। पढ़ाई से ज्यादा डर अब सड़क से गुजरने का है। वहीं अधिवक्ता सचिन आर्य, राजवीर सिंह गुर्जर, रोशनी सरदार जितेंद्र ने कहा, ष्सड़क की खराबी से ग्राहकी भी प्रभावित हो रही है। आए दिन होने वाले हादसों से लोग इस रास्ते से गुजरना ही नहीं चाहते, ष्हमने कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर रहा है। अगर जल्द सड़क नहीं बनी तो हम उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।ष्सड़क की बदहाली से परेशान अधिवक्ता व आमजन ने एसडीएम राजकुमार भारती से मुलाकात कर मार्ग को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने गंभीरता से इस मामले पर ध्यान नहीं दिया तो वे आंदोलन की राह अपनाएंगे। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। कार्यालय, तहसील, न्यायालय व स्कूल-कॉलेज जाने वालों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है। आए दिन वाहन फिसलने और ग्ड्ढों में गिरने से चोटिल होने वालों की संख्या बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनकी मांग है कि सड़क का जल्द से जल्द स्थायी रूप से निर्माण कराया जाए, वरना जनांदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।



# माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में गूंज दान शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में मानवता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए 'गूंज दान शिविर' का शुभारंभ किया गया। इस दान शिविर का उद्देश्य हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों तक राहत पहुँचाना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज, सह निदेशक सुनंद सिंघल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अमित पटपटिया, सुनीता खुराना, बिंदु चौधरी, अंजु गोयल, मिशा अग्रवाल, मीनाक्षी रोहल, वंशिका अग्रवाल, अजय अनेजा एवं ललित उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय परिवार की इस पहल की सराहना की और नगरवासियों को सहयोग हेतु प्रेरित किया।

इस शिविर में नगरवासियों ने अत्यधिक उत्साह दिखाते हुए कपड़े, राशन, दवाइयाँ एवं अन्य आवश्यक सामग्री खुले दिल से दान की। विद्यालय परिवार ने इसे केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।

प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने कहा कि आपदा के समय समाज को एकजुट होकर ही कार्य करना चाहिए। दान की यह छोटी-सी पहल बाढ़ पीड़ितों के लिए आशा की किरण बन सकती है। विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता की सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं। नगरवा. सियों का यह योगदान न केवल पीड़ित परिवारों को संबल देगा, बल्कि समाज में संवेदनशीलता का संदेश भी पहुँचाएगा।माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल का यह प्रयास बताता है कि सच्ची शिक्षा वही है जो इंसान को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाए। विद्यालय ने यह साबित किया है कि जब संवेदनशीलता और सेवा-भाव शिक्षा से जुड़ते हैं, तो समाज में करुणा और सहयोग की अनोखी मिसाल पेस की।



# ऑल इंडिया अवाम-ए-हिंद पार्टी का बढ़ रहा वजूद: सलीम

**बुढ़ाना।** आल इण्डिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार सलीम एडवोकेट ने कहा कि आगामी 27 सितम्बर को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला की ग्रीन कालोनी में आल इण्डिया आवाम ए हिंद पार्टी का भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें आल इण्डिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। आल इण्डिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार सलीम एडवोकेट आज मंगलवार के दिन आगामी 27 सितम्बर को गांव जौला में होने जा रहे भाईचारा सम्मेलन का प्रचार करने के दौरान बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला, परासौली, मंदवाडा, रसूलपुर दभेडी, अलीपुर अटेरना समेत कई गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर यही बात दोहरा रहे थे। उन्होंने सबसे 27 सितम्बर के भाईचारा सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया और कहा वे सम्मेलन को सफल बनाएं। यहां बाबा राम सिंह गौतम ने कहा कि पार्टी हिंदू मुस्लिमों को साथ लेकर एक ऐसा माहौल तैयार करना चाह रही है जिसमें इंसान एक दूसरे से ना डरे और प्यार से रहें। हक और इंसाफ की लड़ाई लड रही हमारी इस पार्टी से खासकर सपा को खतरा पैदा हो गया है। यहां जिला अध्यक्ष हाफिज कमरुद्दीन, हसरत प्रधान कवाल भी मौजूद रहे।



# वार्ड 22 से प्रत्याशी कौसर को मिला लोगों का समर्थन

**बुढ़ाना।** जिला पंचायत चुनाव के वार्ड संख्या 22 से भावी प्रत्याशी कौसर अली को क्षेत्र की जनता का ज़बरदस्त समर्थन प्राप्त हो रहा है। चुनावी मैदान में उतरने के बाद से ही कौसर ने वार्ड के हर गांव व मोहल्ले का बराबर दौरा किया जहां जनता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया व भारी समर्थन का आश्वासन दिया।

इसी क्रम में कौसर अली ने रोज गार्डन में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत की। यहां मौजूद लोगों ने कौसर का फूल मालाओं से स्वागत किया व पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। यहां लोगों का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने कहा कि कौसर ईमानदार, जुझारु, शिक्षित व विकास परक सोच रखने वाले प्रत्याशी हैं। क्षेत्र की समस्याओं को बखूबी जानते हैं और उनके समाधान के लिए ठोस योजना रखते हैं। अब तक क्षेत्र उपेक्षित रहा है लेकिन कौसर अली के विजयी होने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ सफाई, सड़क व बेरा. ेजगारी जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ काम होगा। हम भेदभाव से ऊपर उठकर विकास के नाम पर वोट देंगे। कौसर ऐसे प्रत्याशी हैं जो उनके दुख दर्द को समझते हैं और हर वक्त जनता के बीच रहते हैं। कौसर अली ने भी लोगों को भरोसा दिलाया कि वे आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे व वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करना व युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना होगी। जनता के इस अभूतपूर्व समर्थन से वार्ड 22 का चुनाव बेहद रोचक हो गया है और राजनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय बना है। लोग मान रहे हैं कि इस बार क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है और कौसर अली ही इसका चेहरा बनकर उभरे हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### बायवाला चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने आज मंगलवार के दिन कड़ा रुख अपनाते हुए बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी के इंचार्ज किशन पाल सिंह यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। समझा जा रहा है कि 04 दिन पूर्व उनकी चौकी के सामने ही एक दुकान में चोरी की घटना हो गयी थी जबकि बीती 10 सितम्बर को भी उनकी चौकी क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने जो 18 टड्ूबवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम देकर किसानों में भय पैदा कर दिया था उसका भी खुलासा करने में उन्होंने कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसको लेकर एसएसपी चौकी इंचार्ज की कार्यशैली से ख़फ़ा थे। उनको कुछ दिन पूर्व कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गये थे लेकिन चेतावनी का उन पर कोई भी असर नहीं पड़ा। उनके लाइन हाजिर होने से अन्य पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मचा है। इस संबंध में जब बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री से बातचीत की गयी तो उन्होंने बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज के लाइन हाजिर किए जाने के कारण से अनिभिज्ञिता जताई। उधर समाचार लिखे जाने तक बायवाला पुलिस चौकी पर किसी की भी तैनाती नहीं की गयी थी।

### सीओ ने छात्राओं को साइबर क्राइम हैल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

**बुढ़ाना।** स्थानीय सर्किल बुढ़ाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के पैंठ बाजार के समीप स्थित शिक्षण संस्था भारद्वाज शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर और साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर की जानकारी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने शारदीय नवरात्र के दौरान मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। छात्राओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और अग्निशमन सेवा 101 के बारे में भी बताया। इस दौरान एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं की समस्याएं सुनी व आसपास के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। यहां पर क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर निधी शर्मा सहित अन्य महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं।

दो खम्बों से विद्युत तार चोरी

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर के जंगल में चोरों ने एक बार फिर बिजली विभाग और ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है।सोमवार रात्रि अज्ञात चोरों ने दो खंभों से करीब 400 मीटर विद्युत तार चोरी कर लिया। इससे किसानों की टड्ूबवेलों की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। बताया जा रहा है कि यह घटना लगातार तीसरी बार हुई है।इससे पहले भी चोर दो अलग-अलग मौकों पर खंभों से लाइन काटकर तार चोरी कर चुके हैं।घटनाओं की इस कड़ी ने ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों पैदा कर दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि इस बार चोरी राजपाल पुत्र नकली के ट्रांसफार्मर से आगे किसानों की टड्ूबवैलों पर जाने वाली सप्लाई लाइन से हुई है। इससे कई किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि चोरों पर लगाम नहीं कसी गई तो खेती-किसानी प्रभावित होगी और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।

### नवगठित प्रबंध समिति ने ली परिचयात्मक बैठक

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, नई मंडी,में आज नवगठित प्रबंध समिति की परिचयात्मक बैठक का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति के पदाधिकारियों का औपचारिक परिचय कराना तथा विद्यालय की भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना रहा। इस अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के प्रदेश निरीक्षक (पश्चिम उत्तर प्रदेश) विशोक एवं मेरठ संभाग के संभाग निरीक्षक जगबीर शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. वंदना शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए नवगठित प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया, जिनमें अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष अमिता चौधरी, प्रबंधक शोभित,उप प्रबंधक प्रो. पी. के. श्रीवास्तव (एस. डी. डिग्री कालेज),कोषाध्यक्ष राजसिंह तथा सदस्यगण प्रो. देवेश त्यागी (डी.ए.वी. कालेज), राधा मोहन तिवारी) राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्पीक मैके), राकेश गुप्ता, कुसुम एवं प्रो. सुधीर पुंडीर (प्रधानाचार्य, एस.डी. डिग्री कालेज), जगवीर शर्मा शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती, पारदर्शिता एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों पर विशेष बल दिया।

### शराबियों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** दो शराबियों के बीच हुई मारपीट का वीडियो किसी व्यक्ति ने चुपके से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब बुढ़ाना पुलिस दोनों शराबियों को तलाश रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे के समीप स्थित शराब के एक ठेके के बाहर 02 शराबी युवक आपस में किसी बात को लेकर लड़ पड़े। जिसमें एक शराबी दूसरे शराबी पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। जिसने दूसरे शराबी को अपने हाथ से आधा दर्जन से भी अधिक हमले कर उसको नीचे गिरा दिया। इस दौरान किसी ने दोनों शराबियों का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। कुल 21 सैकेंड का यह वीडियो खूब देखा जा रहा है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी वीडियो वायरल होते ही दोनों शराबियों की तलाश शुरु कर दी। दोनों का विवाद किस बात पर हुआ ये पता नहीं लग पाया था।

# किसान नेता चौधरी जफरयाब अली के बेटों को आकाश इंस्टिट्यूट में मिला सम्मान

**मुज़फ्फरनगर।** किसान नेता चौधरी जफरयाब अली के बेटे काशिफ अली और कासिम अली को सम्मान मिला। भारतीय किसान संयुक्त मोर्चा के अल्पसंख्यक पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जफरयाब अली के पुत्र काशिफ अली और कासिम अली को आज आकाश इंस्टिटड्ूट में सम्मानित किया गया। दोनों छात्र नौवीं कक्षा के हैं। उन्हें शिक्षकों के प्रति उनके अच्छे व्यवहार और अत्यधिक हाजिरी के कारण यह सम्मान दिया गया। आकाश इंस्टिटड्ूट के प्रबंधन ने उनकी मेहनत और अनुशासन को सराहा और इस पहचान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया। काशिफ और कासिम अपनी पढ़ाई में नियमित और नेतृत्व गुणों के दम पर अपनी उत्कृष्टता साबित कर रहे हैं।



# यूपी पंचायत चुनाव से पहले गांवों में सरगर्मियां तेज

आशीष सैनी

**खतौली।** उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव भले ही अभी घोषित न हुए हों, लेकिन गांव-गांव में इसकी हलचल साफ देखी जा सकती है। ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस बीच छोटी-छोटी बातों पर विवाद बढ़ने लगे हैं और शिकायतों का सिलसिला भी तेज हो गया है। जहां पहले ग्राम पंचायत स्तर पर महीने में एक-दो शिकायतें आती थीं, वहीं अब यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे उम्मीदवार ग्रामीणों की शिकायतों और समस्याओं को लेकर अब एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।**भ्रष्टाचार और मनमानी पर बढ़ीं शिकायतें**

गांव के लोगों ने आरोप लगाया है कि मौजूदा प्रधान और कुछ भावी उम्मीदवार विकास कार्यों में मनमानी कर रहे हैं। कई जगह पर अधूरे कार्य छोड़ दिए गए हैं, तो कहीं बजट का सही इस्तेमाल नहीं हुआ। ग्रामीण लगातार शपथपत्र देकर संबंधित विभागों से जांच की मांग कर रहे हैं।एक स्थानीय ग्रामीण ने कहा, ह्गांव में चुनाव आते ही प्रधान और भावी उम्मीदवारों के बीच तनातनी शुरू हो जाती है। विकास कार्यों से ज्यादा ध्यान राजनीति पर दिया जा रहा है।**रसूलपुर केलोरा में विवाद ने पकड़ा तूल**

इसी माहौल के बीच मंगलवार को तहसील क्षेत्र के रसूलपुर केलोरा गांव से विवाद का एक मामला सामने आया। यहां के किसान अनिल पुत्र विक्रम ने कोतवाली में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

अनिल का कहना है कि वह अपनी खेती के लिए टड्ूबवेल लगाना चाहता है। इसके लिए बिजली विभाग ने लाइन डालने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन गांव के ही कुछ लोग इसमें अड़ंगा डाल रहे हैं। अनिल ने आरोप लगाया कि विरोध करने वालों में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े लोग भी शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें से कुछ लोग ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार भी हैं। उनका कहना है कि यह लोग आए दिन उसकी झूठी शिकायतें कर रहे हैं, ताकि बिजली की लाइन न बिछाई जा सके। अनिल ने बताया कि बिजली की लाइन न बिछ पाने के कारण उसकी टड्ूबवेल बंद पड़ी है और फसल सूखने की कगार पर है। पीड़ित किसान ने कहा, ह्मैंने अपनी मेहनत की कमाई से टड्ूबवेल लगवाई, ताकि सिंचाई की सुविधा हो सके। लेकिन कुछ लोगों की राजनीति के कारण मेरे खेत सूखने लगे हैं। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।**ग्रामीणों में बढ़ रही आशंका**

गांव के अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के विवाद और शिकायतें और बढ़ेंगी। लोगों को डर है कि यदि विवाद समय रहते शांत नहीं हुए तो चुनाव के दौरान किसी भी समय बड़ा बवाल खड़ा हो सकता है। एक ग्रामीण ने कहा, ह्चुनावी रंजिश में लोग एक-दूसरे को नीचा दिखाने पर उतारू हो जाते हैं। इसकी आंच पूरे गांव को झेलनी पड़ती है।**प्रशासन ने शुरू की सख्ती**इधर स्थानीय प्रशासन का कहना है कि चुनाव से पहले गांवों में माहौल बिगाड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस हर शिकायत को गंभीरता से ले रही है और यदि कोई जानबूझकर अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने पीड़ित किसान की शिकायत दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।**बढ़ते विवादों से बढ़ी चिंता** जैसे-जैसे पंचायत चुनाव करीब आ रहे हैं, गांवों में आपसी रंजिशें बढ़ती जा रही हैं। प्रधान पद की दावेदारी ने कई परिवारों और संगठनों को आपस में आमने-सामने ला खड़ा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन विवादों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो चुनावी माहौल में तनाव और बढ़ सकता है। पंचायत चुनाव को लेकर गांव-गांव में सरगर्मियां इस कदर तेज हो चुकी हैं कि अब हर छोटा मुद्दा भी राजनीतिक रंग ले रहा है। ग्रामीण विकास और किसान हितों की जगह अब चुनावी प्रतिस्पर्धा सुर्खियां बटोर रही है।

# सेवा पखवाड़े में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी मीरापुर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मीरापुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष भाजपा मीरापुर सचिन ठाकुर तथा मंडल उपाध्यक्ष एवं मंडल संयोजक सेवा पखवाड़ा अजीत तितोरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने की तथा संचालन रूप सिंह प्रजापति ने किया।

शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया, जिनकी विभिन्न रोगों की नि:शुल्क जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपील की कि लोग अपने घरों और आस-पास गंदा पानी जमा न होने दें, क्योंकि इससे डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के मच्छर पनपते हैं। स्वच्छता अपनाकर हम सभी इन बीमारियों से बच सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन यापन कर सकते हैं। शिविर में डॉ. जयविद्र, बदन सिंह यादव, स्टाफ नर्स नीतू सिंह, बलविंदर कौर, वार्ड बाय सुभाष सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# इस्लामिया मदरसे के बच्चों की परीक्षा शुरू

**बुढ़ाना।** गांव विज्ञाना के मदरसा रहमतुल आलमीन में बच्चों ने कामयाबी के साथ इम्तहान की शुरुआती कार्यवाही पूरी की। मदरसा गांव के आलिमे दीन मुफ़्ती मोहम्मद अमजद की निगरानी में चल रहा है और दिनों दिन तरक्क़ी की राह पर आगे बढ़ रहा है। छमाही इम्तहान की कार्यवाही बड़े शानदार तरीक़े से चल रही है। यहां शहर सदर मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने हाज़िरी देकर निज़ाम की तारीफ़ की। क़ारी मोहम्मद मुईनुद्दीन ख़ादिम मक़तब अब्दुल हई ने कहा कि यह मुफ़्ती के इख़लास की बरकत है कि इतनी क़लील मुद्दत में इतनी तरक़्क़ी करना हैरत की बात है। यहां नाज़िम तालीमात मुफ़्ती मोहम्मद तौसीफ़ की मेहनत साफ़ दिखाई दी और नाज़िम इम्तहान मुफ़्ती मोहम्मद आरिफ़ ने पूरी चौकसी से इम्तहान की कार्यवाही पूरी कराई। मौलाना मोहम्मद आदिल ने भी निज़ाम को देख ख़ूब तारीफ़ कर मुफ़्ती के लिए नेक ख़्वाहिशात का इज़हार कियाध क़ारी मोहम्मद शुऐब ने अपनी ज़िम्मेदारी को बख़ूबी अंजाम दिया। क़ारी मोहम्मद ग़ालिब ने सब लोगों से मदरसे की कामयाबी के लिए दुआ की गुज़ारिश की। यहां स्थानीय व मेहमानों की बड़ी तादाद मौजूद रही। यहां मदरसे के रुहे रवां मुफ़्ती मोहम्मद अमजद ने सभी हाजिरीन का शुक्रिया किया।।



# अग्रसैन जयंती पर विद्यार्थी सम्मानित, जरूरतमंद महिलाओं को बांटी सामग्री

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित गुप्ता रिसॉर्ट में भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल एवं नगरपा. लिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनको शिक्षा के सहारे समाज और राष्ट्र के लिए योगदान करने को प्रेरित किया तो वहीं महाराज अग्रसैन के आदर्श के साथ समाज कल्याण के भाव को प्रकट करते हुए सभी से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आने का आहवान किया।

अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के तत्वावधान में अग्रकुल जनक भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की 5149वीं जयंती शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस को धूमधाम व श्रद्धा भाव से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री द्धस्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, संयोजक अधिशासी अभियंता इं. गुलशन गोयल, संरक्षक उद्योगपति व समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, निदेशक बुकमैन पब्लिकेशन्स, नगरपालिका परिषद शामली के अध्यक्ष अरविन्द संगल, नगरपालिका परिषद मुज़फ्फरनगर की अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व राज्य मंत्री महेश बंसल, शिवालिक एन्टरप्राइजेज के मनोज गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डा. प्रदीप गर्ग, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, सपा नेता पवन बंसल, संस्था अध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप व सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मैजिक डांस एकेडमी के प्रशिक्षु कलाकारों ने मनमो. हक नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर सभी दर्शकों की भरपूर तालियाँ बटोरीं। साथ ही गरीब, बेसहारा, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग महिलाओं को खाद्यान्न सामग्री वितरित कर समाज सेवा का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने भगवान अग्रसेन जी के जीवन परिचय व आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज कल्याण, सहयोग और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वैश्य अग्रवाल समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल ने किया। आयोजन में शलभ गुप्ता (एडवोकेट), इं. अभिषेक गुप्ता, मनीषा गोयल, कु. दिव्या गुप्ता, इं. शिशिर गोयल, मैजिक डांस एकेडमी के निदेशक मोहन अरोरा व कोरियोग्राफर विशा आदि का विशेष योगदान रहा।

## टैंकर की टक्कर से छोटे हाथी चालक की मौत

**हल्दौर।** गांव खासपुरा के निकट टैंकर और छोटे हाथी की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जनपद सहारनपुर के थाना कुतुबशेर निवासी हबीब कॉलोनी एजाज खान (45 वर्ष) पुत्र मौहम्मद सगीर छोटे हाथी में सामान लेकर मुरादाबाद जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार बीती रात करीब साढ़े 11 बजे बिजनौर मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव खासपुरा के निकट एक टैंकर और छोटे हाथी की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें उक्त छोटे हाथी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# विशू तायल ने किया श्रीराम बारात का शुभारंभ

**मीरापुर।** श्रीरामलीला समिति रजि. के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य बारात कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली गई। बारात का शुभारंभ प्रख्यात ट्रांसपोर्टर विशू तायल व थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने फीता काटकर किया। जैसे ही शोभायात्रा नगर की मुख्य सड़कों से निकली, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

भगवान श्रीराम की झांकी के साथ भारत माता, लक्ष्मी माता, दुर्गा, बजरंगबली हनुमान, महाराज दशरथ, खाटू श्याम, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, शनि देव, भैरवजी, काली माता, शाकुंभरी माता और भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। भव्य रामबारात थाने के पास से शुरू होकर सरायगेट, चौक बाजार, सर्राफा बाजार, घास मंडी, काली मंदिर, पडाव चौक होते हुए श्रीराम स्कूल में पहुंची। राम बारात का जगह-जगह फूलों की वर्षा करते हुए बारात का स्वागत किया गया इस दौरान बैंड-बाजों की गूंज और भक्तों के नृत्य से नगर का कोना-कोना गूंज उठा। इस अनुपम आयोजन की भव्यता ने नगरवासियों को भावविभोर कर दिया। आयोजन को सफल बनाने में दीपक गोयल, रोहित माहेश्वरी, अनिरुद्ध गोयल, रविन्द्र चौधरी, पार्थ गोयल, सुनील कुमार, देवेन्द्र, गौरव भटनागर आदि सहित समिति के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।



शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वृहद आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयुष विभाग शामली की ओर से 10वां आयुर्वेद दिवस-2025 के अवसर पर वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने फीता काटकर तथा आयुर्वेद के जनक महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शिविर में लगभग 280 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधियां वितरित की गईं। साथ ही आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल लगाकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यहां आयुर्वेद संबंधी वीडियो दिखाकर आमजन को जानकारी दी गई। शिविर में आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और लोगों को औषधीय पौधे वितरित किए गए। इस दौरान डा। अर्चना ने डीएम को विभिन्न औषधियों और पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद भारत की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिससे डाइबिटीज, हृदय रोग, उदर रोग, वात रोग सहित अनेक जटिल बीमारियों का निदान संभव है। योगाचार्यों ने शिविर में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक जीवन में योग को अपनाने से अनेक रोगों से मुक्ति मिल सकती है। राजकीय इंटर कॉलेज केरटू, शामली की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया।शिविर का संचालन नोडल अधिकारी डा। विधु शेखर मलिक ने किया। इस दौरान सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येंन्द्र सिंह, डा। गायत्री शर्मा, डा। सुधीर मलिक मौजूद रहे।

# गुरु और शिष्य के संबंध में मुनि ने दिया प्रवचन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशालाम 108 विव्रत सागर मुनि. राज का आज का प्रवचन गुरु के महत्व और शिष्य के जीवन में उनके मार्गदर्शन पर केंद्रित रहा। मुनिराज ने कहा कि एक शिष्य के जीवन में गुरु का वही स्थान है, जो बीज के लिए सूर्य का होता है। सूर्य बीज को प्रकाश और ताप देकर वृक्ष बनने योग्य बनाता है। उसी प्रकार गुरु आत्मा रूपी बीज को मोक्ष तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

उन्होंने शरीर को मिट्टी की उपमा दी और समझाया कि उसकी गुणवत्ता आत्मा की आध्यात्मिक प्रगति को प्रभावित करती है। उन्होने कहा कि कंकरीली मिट्टी में विकास संभव नहीं। लाल मिट्टी में सीमित प्रगति, जैसे सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होती है। काली मिट्टी सबसे उपजाऊ है, जहां मोक्ष तक पहुंचने की क्षमता है।

सोने-चांदी की मिट्टी में भले ही सुख हैं, लेकिन वहां आध्यात्मिक पौधा उग नहीं सकता। उन्होंने कहा कि गुरु का ताप सहन किए बिना कोई भी धर्म क्षेत्र में प्रगति नहीं कर सकता। गुरु अपने लिए कुछ नहीं चाहते, उनका उद्देश्य जीवों को धर्ममार्ग पर चलाकर आत्मकल्याण कराना है। मुनिराज ने अनुशासनहीनता की आलोचना करते हुए कहा कि श्रावक यदि जाप व अनुष्ठान के समय अव्यवस्थित बैठते हैं, गुरु के प्रति सम्मान नहीं दिखाते, तो यह गुरु मुद्रा और परमेष्ठियों का अनादर है और इससे अपने ही कर्मों का बंधन होता है। उन्होंने संदेश दिया कि सच्चा श्रावक वही है, जो गुरु और धर्म की मर्यादा का पालन करता है तथा अपने आत्मकल्याण की जिम्मेदारी को समझता है। प्रवचन के उपरांत कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन महेश जैन व सम्यक जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट मनीषा जैन व संगीता जैन ने की।

# भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ कांधला की कार्यकारिणी का गठन



**शामली।** मंगलवार को कांधला में एक सिनेप्लेक्स में भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ विकास क्षेत्र कांधला की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि नूर हसन ने की। इस दौरान विनोद कुमार को ब्लॉक संरक्षक व सुधीर जावला को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मंगलवार को भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ, ब्लॉक कांधला की कार्यकारिणी मे की घोषणा करते हुए ब्लॉक संरक्षक विनोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जावला, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष संजय राठी, ब्लॉक महामंत्री साजिद अहमद, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील दांगी, प्रविन्दर कुमार, उदयवीर सिंह, ब्लॉक संगठन मंत्री संजय तोमर, जीशान राणा और मीडिया प्रभारी बिजेंद्र कुमार को मना. ेनीत किया गया। इसके अतिरिक्त मंडल सहारनपुर कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया, जिसमें पवन जावला को मंडल कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रोहित राणा, रजत देशवाल, कुंवर प्रशांत, इकबाल अहमद, प्रमेंद्र कुमार मौजूद रहे।



## रामलीला का फीता काटकर किया शुभारंभ

**थानाभवन।** कस्बे में सोमवार को रामलीला महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने फीता काटकर किया। सबसे पहले चौक बाजार में रामलीला का विधिवत शुभारंभ हुआ, इसके बाद ठाकुरों वाली रामलीला का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं। उन्होंने त्याग, मर्यादा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलकर समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। राम के चरित्र से हमें यह सीख मिलती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा को न केवल संजोए रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।आयोजन में सभी सभासद मौजूद रहे। वहीं, रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। मंच स्थल पर चारों ओर गूंजते ष्जय रामष के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# मीट की दुकान बंद करने के लिए दुकान संचालक को भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** त्योहारों के मध्य नजर जनपद शामली के पुलिस ने मीट की दुक. ानदारों को नोटिस भेज कर दुकान बंद करने का आ]वान किया है। शहर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है उसमे लिखा गया है कि 22 सितंबर से नवदुर्गा प्रारूभ हो रहा है जिसमे हिन्दु समाज के व्यक्तित्यो द्वारा मन्दिरो आदि मे पूजा हवन किया जाता है जिसमे आपके द्वारा मीट/मछली आदि का कटाना किया जाता है जिससे हिन्दु समुदाय के लोगो द्वारा नव दुर्गा मे मीट / मछली आदि का रोड के किनारे व खुले मे कटान को लेकर विरोद्ध किया जाता है जिससे धार्मिक सौहृट बिगडने की सम्भावना रहती है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपनी पीटध्मछली की दुकान नव दुर्गा के दृष्टिगत दिनाक 21.9.25 से 2.10.25 तक पूर्ण रूप से बन्द रखेंगे। अत: आप उपरोक्त आदेशा-निर्देशो का पूर्णत: पालन करना सुनिश्चित करे। यदि आपके द्वारा उक्त आदेशो-निर्देशो का उल्लघन किया जाता है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसके आप स्वय उत्तरदाई होगे।

# राम बारात का भव्य स्वागत, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा आज राम बारात का भव्य स्वागत बड़ा बाजार लाख वालों घर पर किया गया जिसमें रामचंद्र जी को माता जानकी ने जयमाला पिलाकर सोमवार रचा एवं पुष्प वर्षा की गई कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अरविंद जी .ष्टा संरक्षक यशपाल पवार संरक्षक मुकेश गर्ग जी, अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर ,कोषाध्यक्ष वैभव संगल पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बंसल जी रॉबिन गर्ग जी, विनोद मित्तल जी प्रदीप बंसल जी विजय गोयल जी संदीप कौशिक जी मनोज सैनी जी बृजपाल शर्मा जी सत्यपाल सिंह जी ऋषभ जैन जी विकास शर्मा एडवोकेट जी संजीव बंसल जी मनोज मित्तल जी एवं समस्त सदस्य गण कार्यक्रम संयोजक, विकास कौशिक जी आदि उपस्थित रहे।

**चौसाना।** रामलीला समिति चौसाना द्वारा सोमवार की रात आयोजित रामलीला मंचन में 'राम वनवास' प्रसंग ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। भगवान राम को माता सीता व भाई लक्ष्मण के साथ वन जाते देख उपस्थित लोगों का हृदय भावुक हो उठा। गांव के युवा कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय व भावपूर्ण संवादों से दर्शकों को देर रात तक मंच से बांधे रखा।

मंचन में दिखाया गया कि महारानी कैकई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए। एक में भरत को राजगद्दी और दूसरे में राम को 14 वर्षों का वनवास। राजा दशरथ के कैकई को मनाने के भावपूर्ण संवादों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं कैकई के कठोर रुख ने पूरे वातावरण को गमगीन बना दिया। सुमंत और मंथरा के किरदारों ने भी दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

राजा दशरथ की भूमिका में बृजमोहन शर्मा, सुमंत के रूप में बील्म कश्यप, भगवान राम के रूप में संजीव गौतम, माता सीता के किरदार में दुष्यंत कश्यप तथा लक्ष्मण के रूप में सतवीर कश्यप ने शानदार अभिनय किया। कैकई की भूमिका निभा रहे जगपाल सैनी ने अपने सशक्त संवादों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर मंटू शर्मा, श्रवण गौतम, गौरव भारद्वाज, नवीन बिंदल, शालू लाल, तरुण भार्गव, पीतम प्रधान समेत समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे। देर रात तक बड़ी संख्या में लोग रामलीला स्थल पर डटे रहे और हर संवाद पर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे।

**झिंझाना।** मोहल्ला ताड़तला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही मद् भागवत कथा का रविवार को विधिविधान के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन कथा के यजमान समाज अध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप व उनके परिवार को माला व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

कथा के समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में ष्जय रामष व ष्हरे कृष्णाष के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने कृष्ण और राम की लीलाओं का स्मरण कर आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक शानू महराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि मद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में धर्म, सत्य और भक्ति का भाव प्रबल होता है। उन्होंने कहा कि कृष्ण की लीलाएं हमें प्रेम, सद्भाव और सेवा का मार्ग दिखाती हैं, वहीं राम का आदर्श जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। कथा के दौरान समाज में आपसी एकता और संस्कारों के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। अवसर पर रमेश प्रजापति, बिजेंद्र कश्यप, विजयपाल, सुरेंद्र कश्यप, जगन कश्यप, नीतू कश्यप, राजू नाई, तीरथ पाल कश्यप, सूरजभान कश्यप, मुकेश कश्यप, कृष्णपाल कश्यप सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

## एक नजर

### शैक्षिक कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे आत्म प्रकाश रहे अतिथि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान के माउंट आबू से पधारे आत्म प्रकाश व उनके साथी राष्ट्रीय प्रभारी युवा ओम शांति परिवार एवं शामली सेंटर से अनिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आत्म प्रकाश ने बच्चों को शिक्षा में राजयोग का महत्व विषय पर प्रेरणादाई विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि यह जीवन में संस्कार अनुशासन और राष्ट्र प्रेम जागृत करने का मार्ग है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मबल और मानसिक संतुलन के विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में राजयोग का समावेश विद्यार्थियों को एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्म नियंत्रण प्रदान करता है। राजयोग से शिक्षा में अनेकों लाभ हैं-जैसे मन और बुद्धि को एकाग्रचित्त करने की शक्ति, तनाव, चिंता और परीक्षा भय से मुक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास, सृजनात्मक तथा नैतिक मूल्यों में वृद्धि, शिक्षक और छात्र के बीच सामंजस्य पूर्ण वातावरण आदि।

### चार दिवसीय जूडो व कुराश कंपटीशन में छात्राओं ने जीता स्वर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय 37 वी क्षेत्रीय जूडो व कुराश प्रतियोगिता में प्रतिभागी 26 छात्राओं ने 12 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक और 2 कांस्य पदक जीतकर मेरठ प्रांत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुराश में अंडर-14 में गौरी, अंडर-17 में जया मालिक, रिया नयन, जेसिका, अंडर-19 में सृष्टि, वैष्णवी चौहान, यशिका गोस्वामी ने स्वर्ण पदक जीता है। अंडर-14 इच्छा, अंडर-17 में लक्षिता, नैना, श्वेता, राधिका करनावल, अंडर-19 में पुष्टि भारद्वाज, अनीशा पोरिया, पारीशा ने रजत पदक जीता है। प्रियांशी ने कांस्य पदक जूडो में जीता। अंडर-14 में क्रिस्टी, अंडर-17 में रितिका, पायल, अंडर-19 में अवनी मलिक, सलोनी ने स्वर्ण पदक जीता है। अंडर-14 में मानवी, अंडर-17 वंशिका चौधरी, वंशिका, आरोही ने रजत पदक जीता। आरुषि ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, उपासना रानी, अनीता रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, आकांक्षा रानी, मोनिका रानी, दिव्या रानी, वंदना रानी, नीलम रानी, साक्षी आदि मौजूद रहे।

# सत्यनारायण इंटर कॉलेज के छात्र राज्य स्तर पर हुए चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज के छात्र और छात्राओं ने अदभुत कला का प्रदर्शन किया और जनपद सहारनपुर में आयोजित कला उत्सव में मंडल स्तर पर विजेता बने। अब ए छात्र और छात्राऐ राज्य स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

मंगलवार को इन विजेता छात्र छात्राओं सूर्यदेव, शुभम, तपिश, शहादत द्धगायनत्रऋ, बंशु बंसल, रिया जयन्त तथा परी बालियान द्धनाटड कलाऋ का स्कूल के अध्यक्ष सुशील कुमार, प्रबंधक राजीव संगल, एनके कंसल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि गायन एवं नाटड दोनो विधाएं कठोर परिश्रम तथा निरन्तर अभ्यास करने पर ही सीखी जा सकती हैं। इन छात्र छात्राओं ने कठोर परिश्रम करके ही यह स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम के निर्णायक भी कॉलेज में पधारे और छात्रों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण को देख प्रभावित हुए। उनके साथ प्रख्यात सरोद वादक डॉ। राजीब चक्रवर्ती एवं तबला वादक मिथलेश झा के द्वारा विशेष रूप से संगीत वादन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होने प्रश्नोत्तरी के द्वारा छात्र छात्राओं को संगीत के कुछ टिप्स भी दिए। इस अवसर पर सतीश आत्रैय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, महेश नारायण, प्रसून भार्गव, साकेत निर्वाल मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने को लगाया शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रोटरी क्लब शामली द्वारा भैंसवाल स्थित प्राइमरी स्कूल में एक हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरूकता उपलब्ध कराना रहा।

कैंप में परामर्श चिकित्सक डॉ। ऋषभ बंसल ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयां भी वितरित कीं। इस सेवा रियोजना के प्रोजेक्ट अध्यक्ष सचिन जैन रहे। क्लब अध्यक्ष नवनीत जैन ने लगभग 200 बच्चों को स्टेशनरी किट प्रदान की गई। बच्चों ने इन उपहारों को बड़े उत्साह के साथ स्वीकार किया।क्लब के कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक शिक्षा और स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाऐ पहुंचाना है। मौके पर डॉ। मृदुला जैन, ममता, नीरज, सुमन, शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# खोडसमा में ग्रामीणों ने बिजली लाइन को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के सकौती गांव में निजी कंपनी के लिए विद्युत विभाग द्वारा 33ध्11 केवी का नया बिजलीघर लगाया जा रहा है। यह बिजलीघर सकौती से खोडसमा, टोडा, ऊन से होते हुए बहाड़ी माजरा स्थित 132ध्33 केवी बिजलीघर से जोड़ा जा रहा है। सकौती से खोडसमा तक पोल खड़े भी कर दिए गए हैं, लेकिन जैसे ही खोडसमा के ग्रामीणों को जानकारी मिली कि उनके घरों के ऊपर से यह लाइन गुजरेगी, उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर इकठा हुए और पोल खड़े कर रहे मजदूरों को रो. कते हुए काम बंद करा दिया। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि बिना उनकी सहमति लिए उनके घरों के ऊपर से लाइन ले जाने की तैयारी की जा रही है, जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। सूचना मिलते ही मौके पर जेई संजीव शोरब व ठेकेदार पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपने फैसले पर अड़े रहे और साफ कह दिया कि लाइन या तो खेतों से होकर ले जाई जाए या फिर अंडरग्राउंड निकाली जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने एहतियातन डायल 112 पर फोन कर पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो माहौल शांत हो सका और फिलहाल पोल लगाने का कार्य रोक दिया गया। ग्रामीणों ने जेई से कहा कि यदि उनकी आपत्ति पर गौर नहीं किया गया तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। इस पर जेई संजीव शोरब ने उच्च अधिका. रियों को पूरे मामले की जानकारी दी और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसी के अनुसार आगे काम होगा। विरोध प्रदर्शन में भाकियू (प्रधान) के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, राजकुमार, अंकुश, नसीम, जितेंद्र, सुंदर फौजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां शाकम्भरी दर्शनों को उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढ़ौली कदीम।** शारदीय नवरात्र के मौके पर सिद्धपीठ श्री शाकम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। मनमोहक झांकियों के साथ नाचते-गाते माता के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालु आकर्षण का केन्द्र बनें है। दूसरे नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं ने घंटों लाइनों में लगकर माता के दर्शन किये और मनोकामनाएं मांगी।

शारदीय नवरात्र पर्व के दूसरे दिन सिद्धपीठ श्री शाकम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। समूचा शाकुम्भरी देवी मार्ग माता के जयकारों एवं भजनों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालु भारी संख्या में पैदल ही माता के भजनों पर नाचते-गाते सिद्धपीठ पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं द्वारा ले जायी जा रही मनमोहक झांकिया भी क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी है। श्रद्धालओं ने मान्यता के अनुसार प्रथम पूजा बाबा भूरादेव के दर्शन किये और बाद में घंटों लाइनों में लगकर मां भगवती के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगी। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मार्ग पर कई स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु धर्मलाभ उठा रहे है। सिद्धपीठ में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मेला परिक्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा मजबूत व्यवस्थाएं की हुई। सुरक्षा की दृष्टि से परिक्षेत्र में पुलिस बल भी तैनात है। यह मेला चर्तुदशी पर्व तक लगेगा।

# जिला उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष बनाने पर जताई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जमीयत उलेमा ए हिन्द के कार्यक्रम में मौलाना शमशीर कासमी को जिला उपाध्यक्ष व मुफ्ती आरिफ मजाहिरी को कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद जनपद सहारनपुर का तीन वर्षीय चुनाव कार्यक्रम में सर्वसम्मति से रामपुर मनिहारान क्षेत्र के जामिया दावतुल हक मुईनिया चर्रोह के नाजिम हजरत मौलाना मोहम्मद शमशीर कासमी को जिला उपाध्यक्ष और हजरत मुफ्ती आरिफ मजाहिरी को कोषाध्यक्ष चुना गया इस चुनाव पर क्षेत्र के जमीयत उलेमा ए हिंद के कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने खुशी जताई है।जमीयत उलेमा ए हिंद के तहसील महासचिव कारी शौकीन ने कहा कि हजरत मौलाना शमशीर कासमी और हजरत मुफ्ती आरिफ मजाहिरी का जिला सहारनपुर की बॉडी में चुना जाना क्षेत्र वासियों के लिए गर्व की बात है।तहसील उपाध्यक्ष मुफ्ती उमेर नाजमी ने कहा कि हजरत मौलाना शमशीर कासमी बिना भेदभाव जनता की सेवा करने वाले इंसान हैं। ऐसे लोग समाज की सच्ची सेवा करते हैं।ब्लाक अध्यक्ष कारी मुकर्रम हुसैन, अरशद ने कहा है कि जमीयत उलेमा ए हिंद के प्लेटफार्म से इन दोनों हजरात ने गरीब एवं बे सहारा लोगों की समस्याओं के निदान के लिए शानदार काम किया है।

# कान्हा गौशाला के भूसा गोदाम में लगी आग, मची अफरा तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा अफगान में स्थित कान्हा गौशाला के भूसे के गोदाम में मंगलवार तड़के करीब चार बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता देख ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप कुमार मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां मंगवाईं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गोदाम में रखरखाव का जिम्मा संभालने वाले फुरकान, पुत्र यामीन शाह, ने बताया कि इस आग. जनी में लगभग पांच लाख रुपये का भूसा जलकर राख हो गया।

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुट गया है। इस घटना से गौशाला संचालकों और ग्रामीणों में भारी नुकसान को लेकर चिंता व्याप्त है।

## चोरों ने घर को बनाया निशाना

**चिलकाना।** ग्राम सालीरी में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया, पीड़ित ने देर रात्रि अपने घर के इर्द गिर्द घूमने वाले युवक पर चोरी करने की आशंका जताई है।

ग्राम सालीरी निवासी धर्मवीर पुत्र प्रेमचंद ने जानकारी देते हुए बताया है कि उसने अपनी पत्नी के नाम से पैंतालीस हजार रूपये फाइनेंस पर लिए थे ओर अपने कमरे के अन्दर गोदरेज की अलमारी में रख दिये थे। पीड़ित का कहना है कि रविवार की रात्रि को जब वह परिवार सहित अपने घर पर सोया हुआ था इसी बीच उसकी अलमारी का लॉक तोडकर उसमें रखी पैंतालीस हजार रुपए की नकदी चुरा ली गयी। सोमवार को सुबह के समय पीड़ित ने जैसे ही उठकर देखा तो उसकी अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था।

# नारी शक्ति को रहना होगा सजगः डा. सुभाष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर के जनता इंटर कालेज में सरकार द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा एवं अधिकारों को मिशन शक्ति फेस 5, स्वच्छता अभियान, एवं 10 वा आयुर्वेदिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चन्द सागर ने कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने महिलाओं मे विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चला रही है। इसके लिए सभी नारी शक्ति को सजग होकर अपने आत्मसम्मान एवं अस्मिता को बचाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार तुरंत असामाजिक तत्वों के प्रति कठोर कार्यवाही हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा जारी किए गए हेल्प नंबरों जैसे 1090, 181, 112, 1930, 1098, अथवा1076 पर सूचना दे जिस से कि अपराध करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो सके। उन्होंने बालिकाओं को अपने बचाव के लिए रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले जैसी मां वीरांगनाओं के जीवन से सीख लेने, के साथ साथ अपने आसपास स्वच्छता रखना तथा आयुर्वेदिक उपचार द्वारा किसी भी रोग को खत्म करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने स्वयंसेवकों को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा तथा महिला स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसमें सर्व श्री राहुल चौहान, पूनम शर्मा, प्रदीप चौधरी ने विचार रखें। स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया।

# जलजीवन मिशन में खोदी सड़कें बन रही परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छुटमलपुर।** मुजफ्फराबाद ब्लॉक के गांव सरदाहैडी में जल-जीवन मिशन के तहत पाइपला. इन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें और गड्ढे ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढों को केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो उन्हें समय पर पानी मिला और न ही सड़कों की मरम्मत हुई, जिससे उनकी परेशानियां दोगुनी हो गई हैं। जल निगम के अधिकारियों की चुप्पी और लापरवाही ने ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ा दिया है।



बरसात के मौसम में खोदी गई सड़कें कीचड़ और गड्ढों से भरी हैं, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। कई जगह गड्ढों को ठीक करने के बजाय सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, जो बारिश में बह जाती है। इससे पैदल चलना तो दूर, वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। सरदाहैडी के अलावा ब्लॉक के कई अन्य गांवों में भी यही स्थिति है। ग्रामीणों के अनुसार, दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो पाइपलाइन का काम पूरा हुआ और न ही सड़कों की मरम्मत की गई।

ग्रामीणों ने जल निगम से मांग की है कि अधूरी पड़ी सड़कों के गड्ढों को जल्द भरा जाए और पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। सरदाहैडी के निवासी रमेश कुमार ने बताया कि एक साल से खोदी गई सड़कें बदहाल हैं, जिससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। जल विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को न पानी मिला और न ही सुरक्षित सड़कें। ग्रामीणों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई न हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जल निगम के अधिकारियों को इस मामले में तत्काल कदम उठाने की जरूरत है, ताकि हादसों को रोका जा सके और ग्रामीणों को राहत मिले।

# पिता पुत्र के झूठी गुमशुदगी के लगा दिए पोस्टर

**चिलकाना।** ग्राम धौलाहेडी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पिता व पुत्र के फोटो सहित झूठी गुमशुदगी के पोस्टर लगाए जाने से नाराज पीड़ित ने तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम धौलाहेडी में किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पिता व पुत्र को बदनाम करने की नियत से फोटो सहित झूठी गुमशुदगी के पोस्टर दीवारों पर चस्पा कर दिए गए, जिससे पीड़ित के आत्मसम्मान को गहरी ठेस पहुंची। पोस्टर में पिता पुत्र के फोटो के साथ साथ दो भाईयों में लडाई होने व लड़ाई के बाद तीन दिन से घर से फरार होने का जिक्र करते हुए जानकारी देने वाले को इनाम दिये जाने की भी घोषणा की गयी है।

जिसको लेकर पीड़ित माजिद पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम धौलाहेडी ने पठेड़ चौकी पर तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार को सुबह के समय जब वह अपने घर से बाहर निकला तो गांव के ही कुछ लोगों ने पीड़ित की झूठी गुमशुदगी के पोस्टर गांव की दीवारों पर लगे होने की जानकारी दी।

पोस्टरों पर कबीर पुत्र माजिद व माजिद पुत्र दिलशाद की झूठी गुमशुदगी लिखी गयी है व जानकारी देने वाले को दो हजार पांच सौ रूपये नकद इनाम दिये जाने की घोषणा भी की गयी है। पीड़ित ने पुलिस से दीवारों पर पोस्टर लगाने वाले अज्ञात लोगों का पता लगाकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# एसडीएम ने कराई शिकायतें निस्तारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सरकार द्वारा जारी निर्देशों के पालन करते हुए एस डीएम मानवेन्द्र सिंह प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर लोगों के प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए निस्तारण कराने में लगे हुए है यह ही वजह है कि उनके पास अपनी समस्याएं लाने वाले लोग भी प्रशंसा करते है उनका व्यवहार भी सेवा भाव की तरह रहता है अपने अच्छे और मधुर व्यवहार को लेकर भी आने वाले फरियादी भी उनसे प्रसन्न रहते है।

मंगलवार को भी एसडीएम मानवेन्द्र सिंह सुबह 10 बजे ही कार्यालय मे बैठ जाते है और जो लोग उनके पास आते है उनकी बात को गंभीरता से सुनकर प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते रहते है उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि समस्या का समय पर निस्तारण किया जाय जो जिन लोगों की समस्याएं हेती है उनके निस्तारण कराने को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के कड़े निर्देश देते है अलग अलग विभागो की लगभग 10 शिकायतो में से अधिकतर का निस्तारण कराया गया । इस, नायब तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह , पेशकर राजेंद्र सिंह कानूनों संजीव मालिक, मनीष कुमार अरविंद कुमार नाथीराम आदि कर्मचारगण मोजूद रहे।

## मां ब्रहमचारिणी की पूजा अर्चना

**सहारनपुर।** आज द्वितीय नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचा. रिणी की पूजा-अर्चना की तथा हिंदू धर्मावलम्बियों ने मां के दूसरे स्वरूप का व्रत रखकर अपने घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

महानगर सहित जनपद के सभी मंदिरों में प्रातःकाल से ही पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उधर राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाक. ाली मंदिर में शारदीय नवरात्र पूजा में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मां भगवती की अष्टधातु मूर्ति का पंचामृत से महा स्नान किया गया और दुर्गा सहस्त्रनाम स्त्रोत से मां भगवती का अभिषेक किया गया मां भगवती का श्रंगार कर भोग अर्पण किया गया और आरती उतारी गई। स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी आत्मिक बल एवं ब्रह्म तेज प्रदान करती है।

# 122 चरस के साथ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपर।** ऑपरेशन सवेरा" अभियान के तहत फतेहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान का उद्देश्य "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" ले जाना है। थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 122 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम, जिसमें उप-निरीक्षक विजयपाल, उप-निरीक्षक शुभम चौधरी, हेड कांस्टेबल सुनील और हेड कांस्टेबल रोहित राणा शामिल थे, ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने नशा तस्कर फैजान, पुत्र जरीफ, निवासी भटपुरा, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर को कलसिया तिराहे से ग्राम खुजनावर की ओर जाने वाले रास्ते पर आम के बाग से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 122 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 245/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। नशा तस्कर के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई सहारनपुर परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन सवेरा" का हिस्सा है।

यह अभियान नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज को इसके दुष्प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फतेहपुर पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है, और यह समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# सुसज्जित झांकियों व बैंडबाजों के साथ निकाली श्रीराम बारात, कलाकारों ने भी किया भावविभोर









**सहारनपुर।** शहर में रामलीला मंचन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न समितियों द्वारा प्रभु श्रीराम वनवास की मार्मिक लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन के दौरान जब अयोध्यापति राजा दशरथ पुत्र वियोग में व्याकुल होकर अपनी विवशता प्रकट करते हैं, तो दर्शकों की आँखें नम हो उठीं।

गाँधी पार्क स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब रामलीला समिति द्वारा आयोजित मंचन में वरिष्ठ रंगकर्मी संकल्प नैब ने राजा दशरथ के चरित्र को जीवंत कर दिया। उनके भावुक संवाद और अभिनय ने वातावरण को गहन कर दिया। केकयी की भूमिका में स्वाति सैनी, प्रभु राम की भूमिका में अतुल सचद. ेवा, लक्ष्मण की भूमिका में सूर्य अवस्थी, मंथरा और रानी सुमित्रा के रूप में रणजीत कौर, तथा कौशल्या के रूप में खुशी ने शानदार अभिनय किया। इस अवसर पर निर्देशन हरविंद्र गोसाई एवं आनंद कुमार ने किया। श्री आषुतोश रामलीला समिति 14वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मंचन में मुख्य अतिथि योगेश दुआ (अध्यक्ष, पंजाबी महासंगठन) एवं रश्मि टेरेंस (अध्यक्ष, एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी) रही। यहाँ दशरथ की घोषणा, मंथरा का षड्यंत्र, कैकेयी का कोप भवन में जाना और राम का सीता-लक्ष्मण संग वन प्रस्थान जैसे प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।इस मंचन में दिनेश सक्सेना (राम), पूजा काला (सीता), गौरव चानना (लक्ष्मण), जय कालरा (दशरथ), पूजा (केकयी), सन्नी भाटिया (मंथरा) के अभिनय को खूब सराहा गया। वहीं प्रचीन सभा, भारतीय कला मंच रामलीला सभा गोविंद नगर रामनगर सहारनपुर में भी 55वां मंचन आयोजित हुआ, जिसमें करण सब्बरवाल (राम), अमित कुमार (लक्ष्मण), मानसी (सीता), डिंपल गोरख (दशरथ), वैशाली (कौशल्या), गोविंद (केकयी), कृष्ण कुमार (सुमित्रा), अनिल राणा (सुमंत) ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से मंथरा की भूमिका निभाकर मास्टर रामस्वरूप सागर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों ही मंचनों में सशक्त निर्देशन, आकर्षक रूप-सज्जा और भावपूर्ण अभिनय ने रामलीला को जीवन्त बना दिया। दर्शकों ने देर रात तक धर्म लाभ प्राप्त किया और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

**गागलहेड़ी।** कस्बे में श्रीराम बारात का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्ष महेंद्र धीमान व समाजसेवी सतीश आढ़ती ने श्रीराम लक्ष्मण को तिलक कर श्रीराम बारात का शुभारंभ किया। सुसज्जित झांकियों व बैंडबाजे के साथ श्रीराम बारात का गांव व दिनारपुर होते हुए मंच पर समापन हुआ।

श्रीराम लीला समिति के तत्वाधान में सोमवार शाम समाजसेवी सतीश आढ़ती, अध्यक्ष महेंद्र धीमान, डॉ योगेन्द्र पंवार, कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, मुकुल पाल एडवोकेट, रोहित गुप्ता एडवोकेट व समिति सदस्यों तथा निर्देश राजेश कपिल सह निर्देशक सूरज धीमान ने श्रीराम लक्ष्मण की आरती व तिलक के साथ राम बारात का शुभारंभ किया। बेंडबाजो व झांकियों से सुसज्जित श्रीराम बारात कस्बे व दिनारपुर से होती हुई मंच पर आकर समाप्त हुई। चुटकी बैंड की धार्मिक धुनों पर युवा जमकर थिरके। दिनारपुर मे जनक का रोल कर रहे निर्देशक राजेश कपिल के आवास पर बारात का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

समिति सदस्य प्रदीप कश्यप ने बारातियो की जूस व पानी पिलाकर सेवा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुष्प वर्षा से बारात का स्वागत किया।

बिजेंद्र यादव, राजेश सैनी, उमेश गुप्ता, जोहरी जैन, देवेंद्र यादव, प्रवीण कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, राजेश कश्यप, रोहित गुप्ता आढ़ती, इन्द्रसेन, निर्देशक राजेश कपिल, सूरज धीमान, सुशांत सहगल, विदित धीमान, सचिन मेहंदीरत्ता, हेमन्त शर्मा, विशु धीमान, अनमोल, रोहित बिल्डर, आर्यन, चेतन शर्मा, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

**बिहारीगढ।** कस्बा बिहारीगढ़ मे चल रहे 73 वें श्री रामलीला महोत्सव मे रामलीला मंचन मे भगवान राम की आरती बिजेंद्र चौहान, कुलदीप चौहान, संजय चौहान बबलू कश्यप बुधवाशहीद से और माँ जगदम्बा की आरती प्रमोद सैनी बनवाला , अशोक सैनी व सोनी सैनी थापुल ने अपने परिवारजनों के उतारी। गुरु विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण ने गंगा स्नान किया और राजा जनक के निमंत्रण पर जनकपुरी पंहुचे जहाँ प्रभु राम जी ने जनकपुरी की प्रर्दशनी देखी और वहाँ के मोहक बाजार और महलो का अवलोकन किया. पुष्प लेने बगीचे मे पंहुचे श्री राम जी ने जानकी जी को देखा जिनकी सुंदरता का वर्णन नहीं किया जा सकता. बुलंदशहर से आये कलाकारों द्वारा मनमोहक अभिनय के द्वारा दर्शकों का मन मोहा। इस अवसर पर महामंत्री डॉ संजय सैनी एडवोकेट, सुशील सैनी बरुआ काम्बोज मनोज काम्बोज, नौरतु सैनी पंडित राजेंद्र, मनीष शर्मा सहित बहुत लोग उपस्थित रहे।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के पीठ मैदान स्तिथ एकता मंच पर आयोजित वार्षिक श्रीराम लीला में केवट संवाद व दशरथ मरण लीला का सुंदर मंचन कलाकारों के द्वारा किया गया।

सोमवार रात्रि को आयोजित लीला मंचन में केवट बने वासु ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं रोहित सैनी ने दशरथ किरदार निभा पुत्र वियोग में प्राण त्यागने का अभिनय कर सबकी आंखे नम कर दी। मंचन का उदघाटन श्रीगुरु रविदास कथा समिति के सदस्य अंकित, निखिल, सागर और विराट के द्वारा फीता काटकर किया गया।

गणेश आरती सोनी सैनी अहाडी, माँ जगदम्बा की आरती शंकर मेवाड़ आइसक्रीम, अजब सिंह, श्री राम चन्द्र की आरती पवन गुम्बर, आकाश शर्मा व राजपाल प्रजापत ने की। मंच संचालन आकाश काशी ने किया।

आयोजन समिति में कमेटी अध्यक्ष सभासद मनदीप सैनी, संजय, अमित, सचिन, अंकित, कनहैया, सुनेश, अमित धीमान, मांगेराम, सन्दीप, दीपक, जयपाल पपन आदि मौजूद रहे।

**गंगोह।** क्षेत्र में चल रही रामलीलाओं में अब दर्शकों की भीड़ बढने लगी है। शिव चौंक स्थित रामलीला मे निकाली गई राम बारात के बाद राम-सीता विवाह वर माला हुआ। वही, सराय में स्थित रामलीला भवन मे रामवान वास की लीला का मंचन किया गया।

शिव चौंक स्थित रामलीला मे निकाली गई राम बारात के बाद रंगमंच पर देर रात तक आयोजित स्वागत कार्यक्रम में संगीत पर नृत्य कार्यक्रम चला। रामलीला भवन में राम-सीता विवाह वर माला के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर रघुंनन्दन गोयल, राकेश गोयल, मनोज गोयल, राकेश सिंघल, अतुल गोयल, नवीन पांचाल, आदेश नामदेव, अरविन्द सिंह साडढ़ा, समर्थ गोयल प्रियांशु गर्ग, सतीश गोयल आदि लोग शामिल रहे। इस बार रामलीलाओं में भीड़ आरंभ से ही बढ़ रही है। मोहल्ला सराय में आयोजित रामलीला भवन मे सोमवार रात महाराज दशरथ (राकेश शर्मा) द्वारा अपनी पत्नी केकयी को दिए गए वचन के बाद राम वनवास की लीला का मंचन किया गया। माता कौशल्या (गांधी शर्मा) द्वारा राम से वन ने जाने के आग्रह के दृश्य पर दर्भाशक व विभोर हो गए। अब रामलीलाओं में दर्षकों की भीड बढ़ने लगी है।

# नवरात्र शुरू होते ही गंगोह में वातावरण बना धर्ममय

**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में नवरात्र शुरू होने के साथ ही वातावरण धर्म मय होना शुरू हो गया है। देवी मंदिरों मे विशेष पूजा-पाठ शुरू हो गए हैं। द्वितीय नवरात्र पर मां ब्रहमचारिणी की पूजा अर्चना की गई।

देवी मंदिरों मे विशेष पूजा-पाठ शुरू हो गए हैं। पीठ बाजार स्थित काली मंदिर, भुवनेश्वरी पंचायती मंदिर, महादेव कुटी, ककराली स्थित देवी मंदिर, नव दुर्गा मंदिर व राम बाग स्थित देवी मंदिर के अलावा वैष्णों देवी धाम में सुबह-शाम श्रद्धालुओं ने वातावरण को और भक्ति मय बना रहा। घर-घर में लगी दुर्गा प्रतिमा (सांझी) की पूजा के लिए भी कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। उपवास व पूजा पाठ के कारण बाजार में इससे संबंधित सामग्री की बिक्री करने वाले दुकानदारों के यहां खरीदारों की भीड़ लगी है। विभिन्न मंदिरों में रोजाना सुबह के समय पाठ आयोजित होंगे। श्री माता वैष्णो देवी धाम में मंगलवार को द्वितीय नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रहमचारिणी की आराधना कर मन्नतें मांगी। भागवती दुर्गा की नौ शक्तियों का दूसरा रूप ब्रहमचारिणी का है। इनका उद्भव ब्रहमाजी के कमंडल से माना जाता है। ब्रहमाजी के सृष्टि के सर्जक है, उनकी शक्ति है ब्रहमचारिणी। मानसपुत्रों से सृष्टि विस्तार नही हो सका, तो ब्रहमाजी की इसी शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया। इसलिए स्त्री को सृष्टि का कारक माना गया। वैष्णो धाम मन्दिर में भक्तों द्वारा मां की आराधना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

पत्रांक 1785/स.वि.प्रा./ जोन-08/2025-26 दिनांक 23/09/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुशाय्यदा बेगम पत्नी श्री शराफत अली द्वारा भूखण्ड संख्या-2 (उत्तरी भाग), खसरा संख्या-224मि., ग्राम दरा मिलकाना स्वाद बैरून दर आबादी कैलाश विहार कॉलोनी, सहारनपुर के क्षेत्रफल 175.58 वर्गमीटर में व्यवसायिक (बेकरी एवं कन्फैशनरी) के निर्माण की स्वीकृति हेतु ऑनलाईन मानचित्र संख्या एसडीए/बीपी /25-26/0103 प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'आवासीय' के अन्तर्गत आता है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं जोगिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्राविधानों के अनुसार 'आवासीय' भू-उपयोग में उक्त क्रिया अनुमन्य है।

अतः प्रश्नगत स्थल पर उपर्युक्त विचाराधीन मानचित्र की स्वीकृति के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति / सुझाव हो तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।

**उपाध्यक्ष**
**सहारनपुर विकास प्राधिकरण,**
**सहारनपुर।**

# कलाकारों ने किया भारत आगमन लीला का मनोहारी मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में रामलीला भवन में चल रहे मंचन में सोमवार रात कलाकारों ने राजा गुह से मित्रता, दशरथ मरण, केवट संवाद और भरत आगमन लीला का मनोहारी मंचन किया। दिखाया कि जब राम अयोध्या छोडकर वन में जाते हैं तो उनकी भेंट निषादराज गुह से होती है। राजा गुह उन्हें अपने राज्य में रहने को कहता है। उधर, महाराज दशरथ राम के वियोग में प्राण त्याग देते हैं।

वहीं, जब भरत को पिताजी की मौत व राम लक्ष्मण का सीता समेत वन गमन करने का समाचार मिलता है तो वह भी उनसे मिलने को वन जाने की तैयारी करने लगते है। राजा दशरथ का अभिनय दीपक प्रजापति, राम का अभिनय अजय प्रजापति, लक्ष्मण का सागर कश्यप, मंथरा का यश कश्यप, कैकेयी का कृष्णा,



कौशल्या का अभिनव, भरत का चेतन शर्मा, शत्रुघ्न का हर्षित सैनी, केवट का अशोक शर्मा व सुमंत का




अभिनय भरत शर्मा ने किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर की सुख शांति की कामना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नवरात्रों के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की उपासना की गई। अल-सुबह से लेकर शाम तक मां के मंदिर में श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। पं. सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा की द्वितीय शक्ति को ही ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। यदि श्रद्धालु ब्रह्म में लीन होकर तप करे तो उसे ब्रह्मचारिणी की संज्ञा प्राप्त होती है।

मंगलवार को नवरात्र के दूसरें दिन सिद्ध पीठ श्री मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का दिन निकलने से पूर्व ही तांता लगना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओ ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर परिवार की सुख शांति की कामना की। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि मां का कठोर तप

**श्री मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांतां**

करने से ज्ञात होता है कि जीवन के सभी कार्य दत्ताचित होकर करने चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचा. रिणी हिमालय की पुत्री थी जिन्होंने भगवान शंकर को पति के रुप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया। इसी के चलते उन्हें तपश्चारिणी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि अवस्थित मन वाला योगी मां की कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। वही, सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहा।

# व्यापारियों ने जीएसटी में बदलाव पर जताया हर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जीएसटी की दरे कम किए जाने को लेकर व्यापारियों ने लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह के साथ खुशी मनाते हुए जीएसटी नीति में बदलाव पर हर्ष जताते हुए सरकार का आभार जताया। मंत्री ने जीएसटी के संदर्भ में व्यापारियों से सीधा संवाद भी किया।

एमबीडी चौक पर व्यापारियों के साथ संवाद के दौरान राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह जीएसटी रिफार्म भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करने के साथ ही अन्नदाता किसानों एवं उद्योग जगत को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार आदि नारे लगाए। नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल ने जीएसटी की घटी दरों पर हर्ष जताते हुए सरकार के इस कदम की सराहना की। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने भी विचार रखें। इस मौके पर राजेश अनेजा,



रवींद्र चौधरी, कुलदीप सैनी, राजेश गुप्ता, अंकित जैन, विनीत जैन, सुभाष मित्तल, पवनपाल, अनिल रतड़ा, राजू सैनी, पुनीत बंसल, वरुण गर्ग, श्याम चौहान, राम मोहन सैनी, विनय कुच्छल, विशाल गर्ग, अजय गर्ग, तेजपाल, जोगेंद्र जाटव, राहुल वाल्मीकि आदि व्यापारी शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

**देवबन्द।** अग्रवाल सभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रस. ेन संस्कारित, चरित्रवान, निडर सम्राट थे, उन्होंने समाज में किसी भी नए व्यक्ति को सहयोग हेतु एक ईंट और एक रुपया देने का जो अभियान चलाया था वह युगों-युगों तक प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में समाज के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

मंगलौर चौकी स्थित एक सभागार में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में मेपल्स एकेडमी के चेयरमैन अजय मित्तल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज के कमजोर वर्गों को आगे लाने और सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत परंपरा स्थापित की। वरिष्ठ पत्रकार



अशोक गुप्ता ने समाज के सभी लोगों से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। समारोह में अग्रवाल समाज के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्र-छात्राओं और अग्रवाल समाज के पत्रकारों अशोक गुप्ता, गौरव सिंघल, अश्वनी गर्ग, नितिन गर्ग को मोतियों की माला, पटका और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने कहा कि समाज के पत्रकार समाज का आईना हैं, पत्रकारों को सम्मानित करना सभा का सौभाग्य है। महासचिव राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि पत्रकार ही वह कड़ी है जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हैं। इससे पूर्व महाराज श्री को माल्यार्पण दून वैली पब्लिक स्कूल के अनुराग सिंघल ने किया। ध्वजारोहण महेश अग्रवाल, दीप प्रज्वलन दीपक गुप्ता ने किया। अध्यक्षता राकेश मित्तल ने की। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद गुप्ता, राजीव गर्ग, डा. बिजेंद्र गोयल, अनिल कुमार कंसल, विपिन राज गर्ग, सुधीर गर्ग, अरविंद गुप्ता, अमित सिंघल एडवोकेट, अमित गोयल, राजकुमार रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक दीपक राज सिंघल, पंकज अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मौहब्बत के इजहार करने पर की जा रही हैं एफआईआर: गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि मोहम्मद साहब (सल्ल0) से मोहब्बत का इजहार करने पर एफआईआर दर्ज किया जाना न सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ हैं बल्कि लोकतंत्र के उसूलों की भी खुली तौहीन है।

मौलाना कारी इस्कार ने जारी अपने बयान में कहा कि मोहब्बत-ए-रसूल (सल्ल0) इमान का हिस्सा है और इस मोहब्बत का इजहार करना मुसलमानों का बुनियादी हक है। लेकिन अफसोस कि बात है कि इसको लेकर लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। कहा कि अगर मुसलमान अपने पैगंबर साहब (सल्ल0) से मोहब्बत जताने पर सजा पाएं, तो फिर अभिव्यक्ति की आजादी का दावा करने वालों की हकीकत सामने आ जाती है, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो नाइंसाफी और पक्षपात पर उतरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब (सल्ल0) की मोहब्बत को कोई ताकत हमारे दिलों से नहीं निकाल सकती। लेकिन मुसलमानों को यह भी याद रखना चाहिए कि मोहम्मद साहब (सल्ल0) ने ऐसे मौकों पर सब्र, हिकमत और अमन बरकरार रखने की तालीम दी है, इसलिए पूरा ध्यान रखना होगा कि कहीं हमारी जल्दबाजी या नासमझी से दुश्मनों को फसाद फैलाने का मौका न मिले।

# मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**देवबन्द।** तालाब की भूमी पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई हैं। हाशिमपुरा निवासी समाजसेवी उस्मान और बिरमपाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने बताया कि चरक आयुर्वेदिक अस्पताल के बराबर में तालाब की भूमि खाली पड़ी है, पूर्व में ग्रामीणों ने तालाब को खोदाई कराने और इसके सुंदरीकरण के लिए शासन प्रशासन को पत्र लिखा था, जिस पर राजस्व विभाग की टीम ने निशानदेही भी की थी। लेकिन आज तक यहां कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की अस्पताल की जांच

**देवबन्द।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के किसान हास्पिटल पर छापेमारी की। अस्पताल संचालक की गैरमौजूदगी में कर्मचारी दस्तावेज नहीं दिखा पाए तो टीम ने अस्पताल को बंद करा दिया। बाद में अस्पताल संचालक ने अधिकारियों को सभी दस्तावेज दिखाए जाने के बाद अस्पताल को खुलवाया गया।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कपिल देव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोपहर करीब 1.30 बजे सुभाष चौक के निकट स्थित किसान हास्पिटल पर पहुंचे। इस दौरान अस्पताल संचालक अस्पताल में मौजूद नहीं थे। टीम ने वहां मौजूद कर्मचारियों से दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। जिस पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल को बंद करा दिया। छापेमारी की कार्रवाई का पता चलने के बाद अस्पताल संचालक डा. उमर अपनी डिग्री और अस्पताल से संबंधित अन्य दस्तावेज लेकर सहारनपुर सीएमओ आफिस पहुंचे। जहां अधिकारियों ने उनकी जांच की। जांच में सभी दस्तावेज सही पाए जाने के बाद शाम करीब 4.30 बजे अधिकारियों ने अस्पताल को खुलवा दिया। एसीएमओ डा. कपिल देव ने बताया कि छापेमारी के दौरान दस्तावेज नहीं मिल पाए थे। हालांकि बाद में संचालन द्वारा दिखाए गए सभी दस्तावेज सही पाए गए है। उधर, छापेमारी की कार्रवाई के चलते अस्पताल व क्लीनिक संचालकों में अफरा तफरी रही। कई चिकित्सक तो अपने क्लीनिक बंद कर मौके से निकल लिए।

# इनाम भाई डिश वालो का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर ने अपने एक बेहतरीन समाजसेवी को खो दिया है। नगर के मौहल्ला शेखान स्थित थाने के चौराहे के निवासी इनाम भाई डिश वालो को सोमवार में सीने में दर्द की शिकायत हुई। उसके बाद उन्हें मुरादाबाद उपचार के लिए लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उनका इंतकाल हो गया। उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी।

इनाम भाई का नाम सुनते ही नगर के लोगों के दिलों में मौहब्बत और सम्मान की भावनाएं उमड़ती थी। वे न केवल एक मेहनती इंसान थे, बल्कि अपने खुशमिजाज स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए भी जाने जाते थे। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी आदत थी। वह हमेशा



समाज सेवा और इंसानियत को अपनी जिन्दगी की पहली प्राथमिकता मानते थे। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही नगर में गहरा सन्नाटा छा गया और सभी धर्मों के लोगों ने उनके घर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। आज सुबह 8:30 बजे उन्हें अंतिम बार देखा गया। जिसके बाद नगर के लोगों की आँखें नम हो गई और उनको सुपुर्द ए खाक किया गया। नगर के तमाम राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की। वरिष्ठ डॉ. नसीम हाशमी, पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, डॉ. मनोज वर्मा, एडवोकेट महफूज चौधरी, डॉ. जानिब हाशमी, चौधरी फहीमुर्रहमान, पूर्व पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील, पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा, अकरम अंसारी, इंडियन बेकरी वाले, अरशद अंसारी, आरिफ गांधी, डॉ. मारुफ जैदी, भाजपा नेता आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, मौहम्मद हाजी इलियास, आमिर चौधरी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष, खलीक चौधरी, गौहर चौधरी, असजद चौधरी आदि रहे।

# तीन दिन से बंद मकान में मिला शव

**पुलिस ने शव पीएम को भेजा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** शक्ति नगर कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया। जब तीन दिन से बंद पड़े मकान से अचानक तेज दुर्गंध फैलने लगी। घबराए हुए लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवा. जा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो भीतर 52 वर्षीय अधेड़ कमल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह का शव कमरे में पड़ा मिला। घटना से पूरे मौहल्ले में शोक और सनसनी का माहौल है।

पुलिस के अनुसार मृतक मूल रूप से मौहल्ला चाहशीरी, बिजनौर का निवासी था। वह लगभग 22 साल पहले धामपुर आकर शक्ति नगर कॉलोनी में बस गया था। यहां वह अकेले ही रह रहा था। उसकी पत्नी मीरा देवी अपने मायके अफजलगढ़ में रहती हैं, जबकि तीनों बच्चे दिल्ली और नोएडा में रोजगार कर रहे हैं।





पड़ोसियों ने बताया कि कमल सिंह शराब का आदी था और अक्सर लोगों को कॉलोनी में दिखाई देता था। पिछले तीन-चार दिनों से वह अचानक नजर नहीं आया। जब मकान से बदबू आने लगी तो लोगों को अनहोनी का संदेह हुआ। आज सुबह करीब सात बजे पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। शव सड़ने लगा था और पास में खून के धब्बे तथा उल्टी के निशान भी मिले।

सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम बिजनौर से बुलाई गई। टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए और तस्वीरें लीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अभय कुमार पांडे ने बताया कि शव दो-तीन दिन पुराना प्रतीत होता है। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सामने आएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कमल सिंह रोजाना मोहल्ले में दिखाई देता था। उसके अचानक गायब हो जाने से लोग हैरान थे। सोमवार देर रात से ही मकान से तेज दुर्गंध आनी शुरू हो गई थी, लेकिन मंगलवार सुबह हालात असहनीय हो गए। मृतक की पत्नी और बच्चे जैसे ही धामपुर पहुंचे, घर में कोहराम मच गया।

कमल सिंह धामपुर रोडवेज बस डिपो में संविदा परिचालक के पद पर कार्यरत था। अचानक हुई इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि कॉलोनी के लोग भी गमगीन हैं। लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि शायद शराब की लत ही उसकी मौत की वजह बनी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# स्मार्ट मीटर बने उपभोक्ताओं की मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** पावर निगम द्वारा लगाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत का कारण बनते जा रहे हैं। कम बिजली खर्च करने के बावजूद लोगों को हर महीने भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों और नगरवासियों में भारी आक्रोश है।

सोमवार को ग्राम रतनपुरा में मीटर लगाने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और उन्हें मीटर लगाने से रोक दिया। ग्रामीणों



का कहना है कि जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उनके बिल पहले की तुलना में कई गुना अधिक आ रहे हैं। इस वजह से आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं। इसी तरह का एक ताजा मामला ग्राम मंसूर सराय से सामने आया है। जहां एक मकान स्वामी ने बताया कि उनका घर लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। लेकिन इसके बावजूद मात्र एक महीने का बिल 10,300 रुपये से अधिक भेज दिया गया। भारी बिल देखकर मकान स्वामी समेत ग्रामीणों ने मीटर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्राहकों का आरोप है कि मीटर लगाने वाली कंपनी और विद्युत विभाग के अधिकारी उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं सुन रहे। उपभोक्ता कहते हैं कि मीटर बदलने के बाद न सिर्फ बिल बढ़ गए बल्कि बिजली से जुड़ी अन्य परेशानियां भी सामने आने लगी हैं। कई लोग पुराने और नए बिलों की तुलना करके चर्चा कर रहे हैं और इस समस्या का समाधान मांग रहे हैं।

# साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन

**मुजफ्फरनगर।** बीबीए, बीसीए और बीएससी (कंप्यूटर साइंस) विभागों का सप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन समारोह एस।डी। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में संपन्न।

आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज बीबीए, बीसीए और बी एससी (कंप्यूटर साइंस) विभागों के प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों के लिए आयोजित सप्ताहभर चलने वाले ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य समापन आज कॉलेज परिसर में हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अध्याय से परिचित कराने, उनके व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक दिशा-निर्देश और भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से विशेष रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण कॉलेज के प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल, बी।बी।ए। विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह तथा बी।सी।ए। विभागाध्यक्ष डॉ। संजीव तायल रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की महत्ता और जीवन में अनुशासन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज के सभी बी।सी।ए। विभाग के अध्यापकगण और नए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर एप्लीकेशन का क्षेत्र आज वैश्विक स्तर पर अनंत संभावनाओं से भरा हुआ है और बी।सी।ए। का कोर्स छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी की गहराइयों से जोड़ता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता पर भी ध्यान दें। डॉ। मित्तल ने कहा कि



कॉलेज केवल किताबों तक सीमित ज्ञान प्रदान नहीं करता, बल्कि यहां छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए भी तैयार किया जाता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी जिज्ञासा को कभी कम न करें और सदैव नई चीजें सीखने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले तीन वर्षों का यह सफर उनके भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। बी।सी।ए। विभागाध्यक्ष डॉ। संजीव तायल ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य से अवगत कराते हुए कहा कि कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी आज हर क्षेत्र की रीढ़ बन चुके हैं। उन्होंने बी।सी।ए। के पाठड्क्रम प्रयोगात्मक कार्य, प्रोजेक्ट वर्क और इंडस्ट्री विजिट जैसी गति. विधियों का विस्तार से उल्लेख किया और बताया कि कॉलेज छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज की कार्यप्रणाली, नियमों और संसाधनों से परिचित कराना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा आरंभ कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें, असाइनमेंट समय पर पूरा करें और हर अवसर का लाभ उठाएं। डॉ। तायल ने यह भी कहा कि आज का युवा वर्ग भारत के डिजिटल भविष्य की रीढ़ है और बीसीए के छात्र इस भविष्य को गढ़ने में अहम भूमिका निभाएंगे। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत विकास और सामाजिक कौशल सीखने का भी अवसर है। उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि समय प्रबंधन टीम वर्क और अनुशासन के महत्व को समझना कॉलेज जीवन में सफलता की कुंजी है।

सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग न केवल अकादमिक सफलता के लिए करें, बल्कि अपने आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाने के लिए करें। उन्होंने यह भी कहा कि सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक .ष्टिकोण ही किसी भी छात्र को भविष्य में उत्कृष्ट करियर बनाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन देवेश भारद्वाज और प्राची मैडम द्वारा किया गया। इस एक सप्ताह के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को न केवल कक्षा शिक्षण से अवगत कराया गया, बल्कि उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भी सम्मिलित किया गया। इस दौरान छात्रों को कॉलेज की लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब्स और रिसोर्स सेंटर का परिचय कराया गया, जिससे वे संस्थान की शैक्षणिक सुविधाओं से भली-भांति परिचित हो सकें। साथ ही वाद-विवाद, समूह चर्चा, क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसी एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों के माध्यम से उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। वरिष्ठ अध्यापकों ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग व्यक्तित्व विकास और अनुशासन के महत्व पर विशेष व्याख्यान दिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। अंत में छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि इस ओरिएंटेशन सप्ताह ने उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है तथा कॉलेज जीवन के प्रति उनकी दृष्टि को और अधिक सकारात्मक बनाया है।

इस अवसर पर बीबीए, बीसीए और बीएससी कंप्यूटर साइंस विभाग की सभी फैकल्टी सदस्य शर्मा, डॉ। संगीता गुप्ता, सोनिका गर्ग, मौ0 अंजर, चंदना दीक्षित, वैभव वत्स, निरंकर शर्मा, हिमांशु शर्मा, मोहित गोयल, दीपक गर्ग, संजय अंकुर अग्रवाल, हर्षिता, अनुज गोयल, हर्षित, रॉबिन मलिक, राहुल शर्मा, अमित, पवन बलियान और लवी वर्मा उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने कॉलेज परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। रजत शर्मा, प्रशांत गुप्ता, विनिता चौधरी, सतीश, नवप्रवेशी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें समापन कार्यक्रम में छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने उन्हें न केवल कॉलेज की कार्यप्रणाली से अवगत कराया बल्कि उन्हें यह भी सिखाया कि आने वाले तीन वर्षों का कैसे सर्वोत्तम उपयोग किया जा सकता है। कई छात्रों ने बताया कि वे अपने अध्यापकों और सीनियर छात्रों से प्रेरणा लेकर अब अपने लक्ष्य को लेकर और अधिक गंभीर व अनुशासित हो गए हैं।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत



### भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुम. राह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गें. दबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाक. दार पारी खेलना पसंद है। गेंदबा. जी? मुस्तफिजुर रहमान, द फिज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

- **कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

---

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



- **लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाई ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़दि उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुशैन अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



- **सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगद. ीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

- **बोले: ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**

**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी



हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लार्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

## ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



- **चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

- **डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी'ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं नि:शब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन



- **भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओव. रसीज ड्राफ्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विद. ेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुम. ति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंज़ूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

# खुद को इतना भी ना बचाया कर, बारिश हो तो भीग जाया कर...

## मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आल इण्डिया मुशायरे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऐतिहासिक मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में खान वादा बदर के सहयोग से नगर निगम द्वारा इस्लामिया कॉलेज के मैदान में आल इण्डिया मुशायरे का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रवासी भारतीय और वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, समाजसेवी महेन्द्र तनेजा, मुशायरा संयोजक पार्षद मंसूर बदर, मसूद बदर, नवाजिश खान, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा आदि ने रिबन काटकर व शमा रोशन कर किया। तड़के पांच बजे तक चले मुशायरे में हजारों श्रोताओं की भीड़ ने शेर के हिसाब से शायरों को दाद दी। मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अय्यूब हसन बदर को भी स्मरण किया।










मुशायरा की शुरुआत मुंबई से आए शायर अल्ताफ जिया ने नाते पाक से की। शायर खुर्शीद हैदर ने 'परिंदे पेड़ पर सहमे हुए है, शिकारी लेकर जाल आया हुआ है! मेरी जानिब मोहब्बत से ना देखो मोहब्बत पर जवाल आया है!' पढ़ कर दाद बटोरी। बिलाल सहारनपुरी ने तो पूरी महफिल ही लूट ली, श्रोताओं ने खडे होकर वाहवाही की। बिलाल ने पढ़ा, 'हम गरीबों पर गुजरी रात भी देखा करो, साहिबे आलम कभी फुटपाथ भी देखा करो।' अंतराष्ट्रीय शायर काशिफ रजा ने कहा 'तबियत जब बिगड़ती है तेरी चौखट पर आता हूं,तेरे बीमार ने अब तक शिफाखाना नहीं बदला।' मुंबई से आए शायर महशर आफरीदी को श्रोताओं ने बार-बार सुना उन्होंने, 'खराब वक्त में इज्जत रहे संभाले हुए,कभी ना जेब में रखे सिक्के उछाले हुए/डसा गया मैं लेकिन इलाज जानता हूं,ये सांप है तो मेरी आस्तीन के पाले हुए' पढ़ कर लोगो की तालियां बटोरी।

मुंबई से आए शायर अल्तमश अब्बास ने कहा, 'मेरे मरने से अगर फायदा होता इनका, दोस्त हर रोज मुझे जान से मारा करते।

' मध्य प्रदेश से आई शायर मनिका दुबे ने एक से बढ़कर एक शेर सुनाते हुए श्रोतओं का दिल जीत लिया। उन्होंने पढ़ा 'शहर के शोर में तन्हाइयां है, यहां तुम हो मगर वीरा. नियां है।' शायर काशिफ अबरार ने 'कि औलाद भी दी, दिए वालिदेन, अलिफ लाम मीम काफ और एन गएनं' नजम पढ़ी तो पूरे मजमे ने खड़े होकर दाद दी।

मुंबई से आए कई फिल्मों में गीत देने वाले शकील आजमी को भी लोगो ने दिल लगाकर सुना। उन्होंने 'खुद को इतना भी ना बचाया कर, बारिश हो तो भीग जाया कर।' के अलावा कई शेर पढ़े और भरपूर दाद ली। शायर शबीना अदीब ने अपने अनूठे अंदाज में जब पढ़ा, 'जो खानदानी रईस है वो मिजाज रखते है नरम अपना, तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत है नई नई।'पढ़कर खूब दाद ली।

लोगों के दिल की धड़कन नवाज देवबन्दी ने एक से बढ़कर एक शेर पढ़ लोगों का दिल जीत लिया। हाशिम फिरोजाबादी ने नौजवानों को एक से बढ़कर एक शेर सुनाए। उन्होंने 'तालीम की रस्सी तुमने हाथ से क्यों छोड़ दी,अपने मुस्तकबिल की खुद इमारत क्यों तोड़ दी' सुनाकर खूब दाद ली। जोहर कानपुरी ने फरमाया, जिनसे रोशन हो जहां ऐसे उजाले बन जाओ, दुख उठाकर भी खुशी बांटने वाले बन जाओ।' इस्लामिया कॉलेज के खचाखच भरे मैदान और मंच पर पूरे हिन्दुस्तान के शायरों को देखकर जोहर कानपुरी ने कहा कि सहारनपुर का मुशायरा पूरी दुनिया का सबसे बड़ा मुशायरा है। उनके अलावा नजीम मुशायरा नदीम फरुख शायर नदीम शाद, इब्राहिम जिशान, अल्ताफ जिया, हिमांशी बाबरा, जहाज देवबंदी, नदीम अनवर ने एक से बढ़कर एक शेर सुना श्रोताओं की दाद बटोरी। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक पार्षद मंसूर बदर ने अतिथियों एवं पार्षदों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद भी मौजूद रहे।

# जन सुनवाई में मात्र 2 समस्याएं निस्तारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आई दस समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। लाइट, अतिक्रमण व सीवर आदि शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



वार्ड 26 सिराज कॉलोनी के मौ. शाकिर द्वारा कॉलोनी में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक एवं सफाई मित्र को स्थल पर भेजकर सफाई कराते हुए समस्याआ का निस्तारण कराया। इसके अलावा विनोद विहार निवासी सुकेश शर्मा ने गली की नालियों की साफ सफाई तथा वार्ड 48 आवास विकास निवासी राजीव शर्मा ने सर्विस रोड पर साफ सफाई कराने के अतिरिक्त बंद पड़ी लाइटों को ठीक कराने और सर्विस रोड से अतिक्रमण हटवाने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

वार्ड 42 सेतिया विहार की सीमा ने सेतिया विहार में नाली पर कुछ लोगों द्वारा स्लैब बनाने से सफाई न होने की शिकायत दर्ज करायी। वार्ड 24 गत्ता मिल कॉलोनी के निशांत ने सरकारी स्थल पर अतिक्रमण करने की समस्या का हल कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इनके अलावा वार्ड 12 खलासी लाइन के गौरव बेदी ने पम्प से हो रहे लीकेज को ठीक कराने, वार्ड 12 नेहरु नगर की मो. निका ने नेहरु नगर में तथा तथा वार्ड 15 के कपिल हर्ष ने बसंत विहार दिल्ली रोड पर बंद लाइटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वार्ड 57 के रवि छाबड़ा ने इस्लामिया इण्टर कॉलेज रोड पर पानी की पाइप लाइन ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिन पर अपर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्धन कन्या का कराया विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शिव चौक स्थित रामलीला भवन में सोमवार को राम बरात के निकालने के अवसर पर रामलीला महोत्सव मंडल द्वारा दूसरी बार राम विवाह के साथ ही एक निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार कराया गया।

नकुड़ क्षेत्र के गांव सापला निवासी सागर का विवाह गंगोह निवासी आरती के साथ किया गया। नव विवाहित जोड़े को राम के स्वरूप द्वारा आर्शीवाद दिया गया। उपहार देकर उन्हें विदा किया गया। इस अवसर पर रघुंनन्दन गोयल, राकेश गोयल, मनोज गोयल, अतुल, नवीन पांचाल, अरविन्द साड़ढा, सतीश गोयल, समर्थ गोयल आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**गंगोह।** महाराजा अग्रसैन जयंती पर नगर में धूमधाम से महाराजा अग्रसैन जी की शोभायात्रा निकाली गई। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसैन के सिद्धान्तों को अपनाने का आहवान किया। पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

महाराज अग्रसैन विकास समिति के तत्वावधान में पवित्र ककराली सरोवर किनारें से शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद शामली के चेयरमैन अरविंद संगल, नकुड़ चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता व देवबंद चेयरमैन विपिन गर्ग हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूजन हितेश मित्तल, दीपक सिंघल, सुबोध बंसल आदि ने कराया। अतिथियों ने आपसी भेदभाव मिटाकर समाज के जरूरतमंद भाईयों की मदद करने, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और एकजुट होकर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रीय होने का आहवान किया। शोभायात्रा में मुख्य रथ पर महाराजा अग्रसैन जी के स्वरूप में संदीप गोयल विराजमान रहे। संचालन राकेश गर्ग ने किया। अध्यक्ष हितेष मित्तल ने आभार जताया। वरूण गर्ग, रमेशचंद गर्ग, प्रदीप गोयल, संदीप, राकेश, अनिल मित्तल, रामपाल, संजीव, विनय गोयल, समर्थ गोयल, विजय, अनिल, अजय,आदि मौजूद रहे।

## पुरानी संस्कृति व प्रथाओं को भूले लोग

**गंगोह।** लोगों ने पुरानी संस्कृति व प्रथाओं को लगभग भुला दिया है। दुर्गा उत्सव के दौरान हाथ से बनाकर घर-घर लगाए जाने वाली दुर्गा प्रतिमा (सांझी) भी अब रेडीमेड मिलने लगी है।

# एसपी देहात के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** आज अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन के नेतृत्व में नकुड़ क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया और थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने पुलिस फोर्स के साथ मिलकर कस्बा फन्दपुरी में पैदल फ्लैग मार्च किया।

एसपी देहात सागर जैन ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।एसपी ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि यह अभियान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध की किसी भी घटना को रोका जा सके। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया ने कहा कि पुलिस के पैदल मार्च से पुलिस और जनता के बीच सीधा संवाद मजबूत होता है। थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने भी फोर्स को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

# हरियाणा बॉर्डर पर चलाया चैकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के आद. शानुसार थाना क्षेत्र के सभी पैट्रोल पम्पों पर नो हैल्मेट नो पैट्रोल नियम का सख्ती से पालन कराया गया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस टीम के साथ हरियाणा बॉर्डर पर चैकिंग अभियान भी चलाया।

मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में क्षेत्र के सभी पैट्रोल पम्पों पर पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को नो हैल्मेट नो पैट्रोल नियम का सख्ती से पालन कराया। इस दौरान बिना हैल्मेट पैट्रोल पंप पर पैट्रोल डलवाने पहुंचे बाईक चालक पुलिस को देखते ही इधर उधर दौड़ते नजर आये और बाइकों में बिना पेट्रोल डलवाये ही वापस लोट गये।

वहीं प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा पुलिस टीम सहित थाना क्षेत्र से सटी हरियाणा सीमा के थाना बुडिया जिला यमुनानगर बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चौकिंग के लिए सघन चैकिंग अभियान भी चलाया गया।

# विकलांग बच्चों के लिए उपकरण मापन कैम्प लगाया

**■ 157 बच्चों का पंजीकरण, नवम्बर में होगा उपकरण वितरण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरीय खंड संसाधन केंद्र नुमाइश कैंप नगर क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों का उपकरण मापन एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश शर्मा, जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, सूरज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट, अभिषेक एवं आकाश डाटा एंट्री ऑपरेटर के द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर, पुष्प एवं माल्याअर्पण कर किया गया। कैंप मे बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, सी.पी. चेयर, ब्रेल किट, वाकर, श्रवण यंत्र इत्यादि उपकरणों हेतु कुल 157 बच्चों का पंजीकरण किया गया। उपरोक्त चिन्हित बच्चों को माह नवंबर 2025 में उपकरणों का वितरण किया जाएगा। मापन एवं पंजीकरण कैंप मे अरविंद कुमार सिंह, जिला समन्वयक, कमलेश कुमार यादव, शशिकांत प्रसाद सिंह, चन्द्रमणि रुहेला, प्रमोद सिंह, मीनू, संगीता त्यागी, सरोज स्पेशल एजुकेटर, उपस्थित रहे।

# पंचायत कर्मियों की सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि ने नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों कि समस्याओ को सुनकर सरकार से समाधान कराने का आश्वासन दिया

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में चैयरमेन पति अफजाल खान व ईओ कमलाकांत राजवंशी ने एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि को पुष्पगुच्छ भेंट किये तथा कर्मचारियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी समस्याए एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि के सामने रखी उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी बोर्ड कि बैठक में सरकार को कर्मचारियों कि समस्याओ से अवगत कराकर समाधान कराया जाएगा। चैयरमेन पति अफजाल खान ने कहा कि कर्मचारियों ईमानदारी से अपने कार्य को अंजाम दे नगर पंचायत बोर्ड उनके साथ है। इस अवसर पर सफाई नायक गौपाल सिंह, रवि कुमार, नौशाद अंसारी, शोएब खान, गौतम कुमार, ओम विश्वास, रोबिन, अरूण, अंकित, हरीष, गोविंद, बबलू, नैन सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनी नबिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवे चरण में छात्रा नबिया को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया।

विकास खंड पुंवारका के सभी परिषदीय विद्यालयों में बालिकाओं को एक ंदिन का प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। इसी क्रम में उ.प्रा.विद्यालय पुंवारका में कक्षा आठ की छात्रा नबिया को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। इस दौरान जितेंद्र कुमार, मेमता, विशाल कुमार, आशीष तोमर, अरूण, सुमित आदि मौजूद रहे।

# आजम खान की रिहाई पर सपाइयों ने मनाई खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की रिहाई होने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया फिर सामा. जिक न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए हमारे बीच होंगे।



23 महीने के लंबे इंतजार के बाद आज सपा नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जेल से रिहाई होने के पश्चात अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान का वितरण कर अपनी खुशी जाहिर की। सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने आजम खान की रिहाई होने पर न्यायपालिका के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आखिरकार सच्चाई की जीत हुई है और न्यायपालिका ने आजम खान को रिहा किया है उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर हमरा पूर्ण विश्वास है सच्चाई की जीत हुई और आज पूर्व मंत्री आजम खान की रिहाई से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है उन्होंने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान एक बार फिर कार्यकर्ताओं के बीच होंगे । उन्होंने कहा कि न्यायालय उनके साथ न्याय किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए एक बार फिर वह हमारे बीच होंगे।

इस मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा लता प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव पार्षद हाजी नूरआलम पार्षद मोहर्रम अली पप्पू वरिष्ठ सपा नेता चौधरी अब्दुल गफूर जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी महानगर विधानसभा काशिफ अल्वी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिन विशाल यादव नदीम कुरैशी हसीन कुरैशी रफत खान शाहिद मसूरी रिजवान चौधरी साजिद खान नौशाद अहमद फैजान महेंद्र पाल चौधरी कंवरपाल अहमदपुर वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में लगाए औषधीय पौधे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय उसंड में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत सेवा पर्व वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

अभियान में बेहट वन क्षेत्र रेंजर अरविंद श्रीवास्तव, वन दरोगा विपिन सिंघवाल व वनरक्षक सचिन सक्सेना, नरेश कुमार, लेखराज, विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुरजीत कौर व सहायक अध्यापक रजनीश सहगल तथा बच्चों की माता, दादी व नानी के द्वारा औषधि पौधे सहजन आंवला आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के उत्थान के लिए विभागीय दिशा निर्देशों के अनुपालन में कक्षा 8 की छात्रा वर्णिका को एक दिन की प्रधानाध्यापिका का प्रभार दिया गया।

# घंटाघर कैंपस, बेहट व चिलकाना में लगाए गए विद्युत मेगा कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोमवार को विद्युत नगरीव वितरण मण्डल द्वारा वाणिज्यिक मेगा कैण का आयोजन किया गया।

घण्टाघर कैम्पस में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं राजस्व वसूली प्राप्ति के लिए कैम्प के प्रथम दिवस में उपभोक्ताओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई जिनमें टैरिफ परिवर्तन से सम्बन्धित 2 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका शत-प्रतिशत निस्तारण भी किया गया। विधुत नगरीय वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता आर. एस वर्मा ने बताया मेगा कैंप में बिल संशोधन एवं सुधार से सम्बन्धित कुल 28 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें 21 का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं मीटर प्रतित्थापन से सम्बन्धित 05 प्रकरणों में से 04 का निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा नये कनेक्शन हेतु 12 प्रकरण प्राप्त हुए तथा लोड वृद्धि के 07 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई, जिसके अंतर्गत कुल 10 किलोवाट लोड वृद्धि संपन्न कराई गई। उन्होंने बताया उक्त शिविर में उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली जिसमें कुल 265 उपभोक्ताओं से ₹34.84.लाख की राजस्व वसूली की गई। उन्होंने कहा की आगामी दिवसों में भी इसी प्रकार से उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाता रहेगा।

**बेहट।** विधुत विभाग बिजली घर पर उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर तीन दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया जिस में विद्युत से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया गया।सोमवार को बेहट विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन में एस डीओ बृज मोहन तथा जेई जितेन्द्र कुमार भटनागर ने बेहट बिजली घर पर उपभोक्ताओं के बकाया विद्युत बिलों की राशि को जमा कराने, विद्युत बिलों को सही कराने, विद्युत मीटर को बदलवाने तथा विद्युत कन्वेशन कटवाए जाने और नए कनक्शन लेने आदि समस्याओं के निस्तारण के लिए कैम्प लगाया गया जिस में उपभोक्ताओं की विद्युत से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया गया।

बेहट उपखण्ड अधिकारी बृज मोहन ने बताया कैम्प में विद्युत बिलों के बकाया बोलो की राशि जमा कराने के साथ कई बिलों की त्रुटियां सही की गई है विद्युत चोरी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायगी।






कैम्प मे टीजी विपिन सैनी गौरव सैनी, आशु, संदीप कांबोज, आदि विद्युत कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**चिलकाना।** वितरण उपखण्ड चिलकाना के अंतर्गत विद्युत मेगा कैंप का आयोजन नगर के काली मंदिर प्रांगण में किया गया। एसडीओ पीसी सागर की अगुवाई में आयोजित विद्युत मेगा कैम्प में पहुंचे लगभग 125 उपभोक्ताओं ने कैम्प का लाभ उठाया। इस दौरान कैम्प में जहां विद्युत उपभोक्ताओ के बिल सही किये गए वहीं सुविधापूर्वक बिल जमा भी किये गए। एसडीओ पीसी सागर ने बताया है कि उक्त कैम्प में कुल 15 विद्युत उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण बिल सही किए गए व 65 उपभोक्ताओं से पांच लाख दस हजार रुपये की बिल वसूली की गई है। समय से बिजली बिल जमा न करने वाले 35 बड़े बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे गए हैं व 10 खराब मीटर चौक मीटर शिकायतों का निस्तारण भी किया गया है।

इस दौरान एसडीओ पीसी सागर के साथ मनीष कुमार, अरुण कुमार, प्रदीप कुमार व साजिद आदि विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

## कथा का संक्षिप्त वर्णन

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में श्रीराम कथा रसायनम् के द्वितीय दिन कथा के आकर्षण यज्ञ की रक्षा, तड़का वध, अहिल्या कल्याण, सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, सीता राम विवाह कथा का संक्षिप्त वर्णन किया गया।

शुभारम्भ अरविन्द कपूर, पायल बंसल, पल्लवी अरोड़ा, प्रबंधक पंकज राजपूत, प्रधानाचार्या रजनी राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कथा वाचक नंदिनी व पर्व ने यज्ञ की रक्षा, तड़का वध, अहिल्या कल्याण, सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, सीता राम विवाह का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। मुकुंद गोयल ने तड़का, राम वैष्णवी व सीता नंदिनी नामदेव के अभिनय का बहुत सुंदर मंचन किया। छोटे छोटे बच्चों जगजोत, आयुष्मान, मानवी, प्रांशु, कनिका, नव्या, दिव्यांशी, इशानी, अथर्व, अंशुमान, सौम्य, वरदान, आदित्य आदि ने सुंदर झंकियों व नृत्य का प्रदर्शन किया।

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माओ.वादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो





शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

### ग्लिसरीन फेस मास्क

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

### ओटमील मास्क

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

### पपीता फेस पैक

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ष्रानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

### स्थापत्य विशेषताएं-

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

### कलात्मक सौंदर्य

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारत्र की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

### वर्तमान स्थिति और पर्यटन

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

**कैसे पहुंचे?**

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिन: शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



योगेश कुमार गोयल

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यत: नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयत्र की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा




■ उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं
■ फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।



**मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।**

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टडूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतरा: वेनेजुएला

**कराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

■ बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

### बोला: देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा



**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और

### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।

### न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

■ मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया



■ चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।

### रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम: भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले: मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।

## पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

### संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोले: ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहा: ये इनाम नहीं अधिकार है




**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।

### यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।

